देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

जनहित का सजग प्रहरी




# जन जन जागरण



Web Site: www.janjanjagran.com | भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित | भोपाल, मंगलवार 06 मई 2025 | वर्ष-31 अंक-264 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए



## ब्रीफ न्यूज

### कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की रैली

**टोरंटो।** कनाडा को टोरंटो में खालिस्तानी समर्थकों ने रविवार को हिंदू विरोधी रैली निकाली। इस रैली में खालिस्तानियों ने 8 लाख हिंदुओं को वापस भारत भेजने के लिए नारे लगाए। यह रैली टोरंटो के मालटन गुरुद्वारे के पास निकाली गई। इसमें एक बड़े ट्रक पर जेल का मॉडल बनाया गया था और उसमें भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के पुतले रखे गए थे। इन पुतलों की कैदी की तरह दिखाया गया था। नॉर्थ अमेरिका में हिंदू समुदायों के संगठन कोएलिशन ऑफ हिंदूज ऑफ नॉर्थ अमेरिका ने इसे शर्मनाक बताया है।

### महाकाल मंदिर परिसर में लगी आग

**उज्जैन।** उज्जैन में महाकाल मंदिर परिसर में कंट्रोल रूम की छत पर आग लग गई। इससे पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम की बैटरियां जल गईं। दूर से ही धुआं और आग की लपटें दिखाई दे रही थी। आग लगने के बाद मंदिर में भक्तों का प्रवेश रोकना पड़ा। घटना मंदिर के गेट नंबर 1 पर स्थित अवंतिका गेट के कंट्रोल रूम की छत पर हुई। सूचना मिलते ही दमकलें मौके पर पहुंची। कुछ ही देर बाद ही आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल बैटरी में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। जांच के बाद ही पता चल सकेगा। आग पर काबू पाने के बाद मंदिर के गेट को दोबारा खोल दिया गया।

### आतंकी नेटवर्क से जुड़े 3 गिरफ्तार

**अमृतसर।** अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय गिरोह नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्रिटेन स्थित गिरोह के गुर्गों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गैंगस्टर धर्मप्रीत सिंह उर्फ धर्म संधू और जस्सा पट्टी के नेटवर्क से जुड़े तीन साथियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान विजय मसीह, अग्रेज सिंह और इकबाल सिंह के रूप में हुई है। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी तरनतारन जिले के हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि ये तीनों आरोपी अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोह से जुड़े हुए थे और हथियारों की तस्करी में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे।

### पति-पत्नी, 3 बेटियां जिंदा जलीं

**कानपुर।** कानपुर में रविवार रात 8 बजे एक 4 मंजिला बिल्डिंग में आग लग गई। हादसे में एक परिवार के 5 लोग जिंदा जल गए। मरने वालों में पति-पत्नी और उनकी 3 बेटियां हैं। बिल्डिंग के बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर पर जूता-चप्पल बनाने का कारखाना था। ऊपर के 4 फ्लोर में दो भाइयों का परिवार रहता था। आग की शुरुआत ग्राउंड फ्लोर पर कारखाने से हुई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई। घर में रखे सिलेंडर, केमिकल और एसी फटने लगे। आग ने 10 से 15 मिनट में पूरी बिल्डिंग को चपेट में ले लिया। मामला चमनगंज थाना क्षेत्र के प्रेम नगर का है।

### सऊदी अरब में धूल भरी आंधी का कहर

**रियाद।** सऊदी अरब के अल कासिम इलाके में धूल भरी आंधी ने पूरे शहर अपनी चपेट में ले लिया। इसकी वजह से पूरा आसमान धूल और रेत से ढक गया और विजिबिलिटी 100 मीटर से भी कम हो गई। यह तूफान इतना भयानक है कि 1500 से 2000 मीटर की ऊंचाई तक धूल की दीवार बन गई। सऊदी नेशनल मेट्रोलॉजिकल सेंटर लोगों को मौसम संबंधी चेतावनियों पर नजर रखने और सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है। इसके साथ ही जजान, असीर, अल बहा, मक्का, रियाद और अल कासिम के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी है।

### सेंसेक्स 295 अंक ऊपर 80,797 पर बंद

**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 295 अंक ऊपर 80,797 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 114 अंक की तेजी रही, ये 24,461 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयरों में तेजी देखने को मिली।

# केंद्रीय गृह मंत्रालय का राज्यों को मॉक ड्रिल का निर्देश

**पहलगाम आतंकी हमला...खुफिया एजेंसियों के फेल होने के बाद अब आतंकवादियों की खोज में आर्मी, राष्ट्रीय रायफल्स, पैरा कमांडो यूनिट, सीआरपीएफ, जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य अर्धसैनिक बल नाकाम**

**13 दिन बाद भी आतंकी पकड़ से दूर**

**छात्रों-नागरिकों को प्रशिक्षण देने को कहा**



**नई दिल्ली/जम्मू कश्मीर।** 22 अप्रैल को 4 आतंकवादी पहलगाम के बायसरन घाटी में आए, सैलानियों के धर्म पूछे, ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं और गायब हो गए। पिछले 13 दिनों से भारतीय सुरक्षा बलों ने उन्हें खोजने में एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया, कुछ सुराग हाथ जरूर लगे, लेकिन आतंकी अभी तक पकड़ से दूर हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि पहले खुफिया एजेंसियां फेल हुई और अब आतंकवादियों की खोज में आर्मी, राष्ट्रीय रायफल्स, पैरा कमांडो यूनिट, सीआरपीएफ, जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य अर्धसैनिक बल नाकाम साबित हो रहे हैं। वहीं केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) के लिए देश के सभी राज्यों को 7 मई को मॉक ड्रिल कराने को कहा है, ताकि किसी आपात स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

आतंकियों ने पहलगाम की बायसरन घाटी में बेहद प्लानिंग से हमला किया था। उन्हें पता था कि सुरक्षा बलों को यहां तक पहुंचने में कम से कम आधे घंटे लग ही जाएंगे। इतनी देर में वो आसानी से जंगलों में भाग जाएंगे। हुआ भी यही। बायसरन घाटी टाउन से 6-7 किमी दूर चढ़ाई पर है। ये पूरा रास्ता कच्चा है। यहां पैदल या फिर घोड़े से ही जाया जा सकता है। जब तक सुरक्षा बलों को सूचना मिली और वो हमले वाली जगह पहुंचे, आतंकियों को काफी बफर टाइम मिल गया। जिन रास्तों में इन आतंकवादियों को ट्रैक किया गया है, वो लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद जैसी आतंकी संगठनों का एक एस्केप रूट है, जिसका वे लंबे समय से इस्तेमाल करते आ रहे हैं।

### कमांडों ट्रेनिंग मिली थी आतंकियों को

पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकियों को पाकिस्तानी कमांडो की ट्रेनिंग मिली हुई थी और अभी भी घाटी में ऐसे 15-20 आतंकी मौजूद हैं। जम्मू-कश्मीर की जेलों में बंद लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकियों को पाकिस्तान के स्पेशल सर्विस ग्रुप कमांडोज जैसी ट्रेनिंग दी गई थी। 15-20 ऐसे कमांडर कश्मीर घाटी में मौजूद हैं, जो विदेशी आतंकियों के छोटे-छोटे ग्रुप को लीड कर रहे हैं। अब इन आतंकियों की खोज की जा रही है।

### ऊबड़-खाबड़ इलाकों के लिए ट्रेंड आतंकी

भारतीय सुरक्षा अधिकारियों का मानना है कि पहलगाम में नरसंहार करने वाले आतंकवादी ऐसी भागौलिक परिस्थितियों के लिए ट्रेंड हैं और उन्होंने युद्ध प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है। माना जाता है कि आतंवादियों में से एक हाशिम मूसा लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा एक पूर्व पाकिस्तानी पैरा कमांडो है। वह अपने सैन्य प्रशिक्षण और सामरिक विशेषज्ञता के लिए जाना जाता है। खुफिया जानकारी से पता चलता है कि पहलगाम आतंकी हमला सावधानीपूर्वक और योजनाबद्ध तरीके से किया गया था। आतंकवादियों ने दो महीने पहले सांबा-कठुआ कॉरिडोर के जरिए क्षेत्र में घुसपैठ की थी।

# पुतिन ने पीएम मोदी से पहलगाम हमले पर की बात...

**दोनों नेताओं ने विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई**

**आतंकवाद के खात्मे के लिए रूस देगा साथ**

**पुतिन ने स्वीकार किया भारत आने का न्योता, बोले- बाहरी ताकतों का हमारे संबंधों पर कोई असर नहीं**

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला होने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनतानी का दौर जारी है। इस बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की है और समर्थन की बात कही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और भारत के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही है। वहीं रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत आने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है।

रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पुतिन ने इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति पुतिन को विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुभकामनाएं दीं और उन्हें इस साल के अंत में भारत में आयोजित होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए बुलाया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत आने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है।

# ह्रदय शाह के मोतीमहल, रानीमहल सहित शंकर शाह, रघुनाथ शाह एवं रानी दुर्गावती के स्मारकों का किया जाएगा विकास : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आजादी के लिए आन, बान और शान से लड़ने वाले राजा ह्रदय शाह, राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, बिरसा मुंडा और टंट्या मामा ने महान कार्य किया है, जो जल जमीन, जंगल और जमीर की रक्षा के लिए आगे आये हैं। हमारे प्रदेश और देश के जनजातीय महापुरुषों ने हमें गौरवान्वित किया है। हमें गर्व है जनजातीय महापुरुषों के उल्लेखनीय योगदान के सम्मान में खरगोन में क्रांति सूर्य टंट्या मामा विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंडला के रामनगर में दो दिवसीय आदि उत्सव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ह्रदय शाह द्वारा बनाये गए मोती महल का अवलोकन करते हुए लोक कला प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने 61 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया।

### स्मारकों व किलों के विकास कार्य होंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय समुदाय के गौंड राजाओं के बने स्मारकों व किलों के विकास कार्य कराने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि रामनगर और मंडला में राजा शंकरशाह, कुंवर रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, मोतीमहल, रानी महल को भी विकास कार्यों में शामिल किया जाएगा। उन्होंने मंच से कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा को रामनगर स्थित मड़िया के विकास के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसमें करीब 5 हजार नागरिकों की बैठक व्यवस्था के लिए सभागार, पेयजल और ठहरने की व्यवस्था आदि के प्रस्ताव शामिल होंगे।



### जल, जंगल, जमीन के संरक्षण के लिए बैगा, भारिया व सहरिया जनजाति के लिए राशि हुई स्वीकृत

रामनगर में आदि उत्सव" के समापन पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पेसा कानून के तहत जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के लिए शासन द्वारा बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति क्षेत्र के लिए 1600 करोड़ रुपए की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों से 2600 प्रति क्विंटल की दर से गेहूं उपार्जन किया जा रहा है। किसानों को 5 रुपये में बिजली कनेक्शन दिया जा रहा है। सभी किसानों को सोलर पम्प प्रदान कर बिजली बिल से मुक्त करने की दिशा में आगे बड़ रही है। अब प्रदेश का किसान बिजली का उत्पादन भी करेगा, बिजली शासन द्वारा क्रय की जाएगी।

# दिल्ली के तैमूर नगर में चला बुलडोजर, नाले के किनारे बने अवैध निर्माण ध्वस्त



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के तैमूर नगर इलाके में सोमवार को डीडीए ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नाले के किनारे बने अवैध निर्माणों को गिराने की प्रक्रिया शुरू कर दी। यह कार्रवाई दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश पर की जा रही है, जिसमें नाले के पुनरुद्धार में बाधा बन रहे लगभग 100 से अधिक अवैध ढांचों को हटाया जाना है।

डीडीए की टीम ने भारी पुलिस बल और पैरामिलिट्री बल की मौजूदगी में बुलडोजर कार्रवाई शुरू की। संबंधित लोगों को पहले ही नोटिस देकर घर खाली करने को कहा गया था। कई लोगों ने स्वयं ही ढांचे खाली कर दिए थे। उल्लेखनीय है कि जिस क्षेत्र में यह कार्रवाई हो रही है, वहां पहले भी अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ तीन बार अभियान चलाया जा चुका है। डीडीए अधिकारियों के अनुसार, नाले की एक तरफ अवैध निर्माण गिराने के बाद वहां दीवार बनाई जाएगी, ताकि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न हो सके। साथ ही, दिल्ली जल बोर्ड की पाइपलाइनों को सुरक्षित रखने के भी निर्देश दिए गए हैं।

दिल्ली हाईकोर्ट ने डीडीए को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि मलबा नाले में न गिरे और पूरी कार्रवाई मानसून पूर्व पूर्ण की जाए ताकि जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। अदालत मानसून के दौरान जलभराव और ट्रैफिक जाम को लेकर स्वत: संज्ञान वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें यह आदेश पारित किया गया।

# सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्टस से मांगी पेंडिंग केसों की जानकारी

**कहा- वक्त पर न्याय मिले, इसके लिए गाइडलाइन बनाना हमारा मकसद**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देशभर के सभी हाई हाईकोर्टस से पेंडिंग केसों की जानकारी मांगी। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट उन केसों की रिपोर्ट जमा करें, जिनमें 31 जनवरी 2025 से पहले फैसला सुरक्षित रखा गया, लेकिन आज तक सुनाया नहीं गया। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एनके सिंह की बेंच ने कहा कि केसों की सुनवाई में होने वाली इस तरह की देरी बेहद परेशान करने वाली है। वक्त पर न्याय मिले। इसके लिए हमें कुछ जरूरी दिशा-निर्देश तय करने होंगे। ऐसा चलता नहीं रह सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश एक रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। इसमें चार दोषियों ने शिकायत की थी कि उनकी आपराधिक अपीलों पर झारखंड हाईकोर्ट ने 2-3 साल पहले फैसला सुरक्षित किया था, लेकिन अब तक फाइनल सुनवाई नहीं हुई।

### झारखंड हाईकोर्ट ने हफ्तेभर में 75 केस पर फैसला सुनाया

याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील फौजिया शकील ने बताया कि वर्तमान मामले में सुप्रीम कोर्ट के नोटिस के बाद झारखंड हाईकोर्ट ने कई मामलों में सुनवाई पूरी की है। हालांकि याचिकाकर्ताओं की अपील पर अब भी फैसला आना बाकी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नोटिस जारी होने के बाद झारखंड हाईकोर्ट ने एक हफ्ते में 75 आपराधिक मामलों पर सुनवाई पूरी की। इसके बाद बेंच ने झारखंड हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिया कि उन 75 अपीलों की लिस्ट प्रस्तुत करें जिन पर हाल ही में निर्णय हुआ है। यह भी बताएं कि इन मामलों में फैसला कब सुरक्षित किया गया था। सुप्रीम कोर्ट जिस मामले में सुनवाई कर रहा, उसमें चार मुख्य आरोपी हैं। उनमें से तीन पर हत्या और एक पर रेप का आरोप है। आरोपी अनुसूचित जनजाति और ओबीसी से आते हैं। इन्होंने 2022 में अपनी सजा के खिलाफ आपराधिक अपीलें झारखंड हाईकोर्ट में दायर की थीं। लेकिन करीब 2-3 साल बीतने के बावजूद उन पर फैसला नहीं आया। चार में से एक व्यक्ति 16 साल से जेल में है, जबकि अन्य 11-14 वर्षों की सजा भुगत चुके हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि जब तक हाईकोर्ट फैसला नहीं सुनाता, वो क्षमा या अन्य राहत के लिए आवेदन भी नहीं कर सकते। याचिका में तर्क दिया गया है कि हाईकोर्ट का निर्णय ना सुनाना अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता) का उल्लंघन है।

### इजराइल गाजा पर पूरी तरह से कब्जा करेगा

**तेल अवीव।** इजराइली सेना गाजा में सैन्य अभियान को और तेज करेगी। इजराइल की वॉर कैबिनेट ने सोमवार को इस फैसले पर मंजूरी दे दी। इसमें गाजा पर पूरी तरह से 'कब्जा' करने और पूरे इलाके पर कंट्रोल करने का प्लान शामिल है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक एक अधिकारी ने कहा कि उम्मीद है कि इसे अगले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की यात्रा के बाद ही इसे लागू किया जाएगा। इजराइल तब तक हमास के साथ सीजफायर और बंधक समझौते पर पहुंचने की कोशिश जारी रखेगा। हालांकि इजराइली सेना के चीफ इयाल जमीन ने गाजा में अभियान तेज करने को लेकर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि यह अभियान गाजा में बंधकों की जान को खतरे में डाल सकता है। जमीर ने वॉर कैबिनेट की बैठक में कहा कि गाजा पर कंट्रोल करने की कोशिश में जरूरी नहीं कि सेना बंधकों तक पहुंच पाएगी।

# आतंकियों को रहने और खाने का इंतजाम करने के आरोपी इम्तियाज ने की आत्महत्या

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के अहरबल क्षेत्र में 23 वर्षीय युवक इम्तियाज अहमद मागरे ने नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली। ये हादसा उस वक्त हुआ जब सुरक्षा बल उसे एक आतंकियों के ठिकाने पर ले जा रहे थे। तभी युवक ने नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली। मागरे पर आतंकियों को खाना और रहने की व्यवस्था करने का आरोप था। इसी मामले में उसे हिरासत में लिया गया है। अभी केवल दावे किए जा रहे हैं सच तो जांच के बाद ही पता चलेगा।

जम्मू-कश्मीर सरकार में मंत्री सकीना इट्टू ने मागरे की मौत से जुड़े मामले की न्यायिक जांच की मांग करते हुए दावा किया कि पुलिस रिकॉर्ड में मृतक के खिलाफ कुछ भी नहीं है। इट्टू ने कहा, मागरे की मौत की न्यायिक जांच होनी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। पहलगाम हमला बहुत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण था। हम सभी इससे दुखी हैं। हालांकि, डर का माहौल बना हुआ है। मैं उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से अनुरोध करती हूं कि गृह विभाग को निर्देश दिए जाएं कि निर्दोष लोगों को परेशान न किया जाए और उन्हें नुकसान न पहुंचाया जाए।वहीं, महबूबा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'कुलगाम में नाले से एक और शव बरामद हुआ है, जिसे लेकर गंभीर आरोप लगे हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि सुरक्षाबलों ने इम्तियाज मागरे को दो दिन पहले ही पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था और अब उसका शव रहस्यमय तरीके से नाले में मिला है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादी हमला कश्मीर में शांति को पटरी से उतारने, पर्यटन को बाधित करने और देशभर में सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने का सुनियोजित प्रयास था। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के लोकसभा सदस्य आगा रूहुल्लाह मेहदी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि शव की बरामदगी से बहुत चिंतित हैं।

पुलिस का दावा है कि मागरे ने खुद नदी में कूदकर अपनी जान दी थी और इस संबंध में एक वीडियो फुटेज भी जारी किया गया है। मागरे पर आरोप है कि उसने आतंकियों को खाना दिया और रहने के लिए जगह भी दी थी। पुलिस का दावा है कि वह सुरक्षा बलों को एक आतंकी ठिकाने तक ले जाते समय वैशो नदी में कूद गया और उसकी मृत्यु आत्महत्या के कारण हुई। इम्तियाज का शव बरामद होने के कुछ घंटों बाद सामने आए ड्रोन फुटेज में एक युवक को अदबल नाले में कूदते और बहते हुए देखा गया।

» न्यूज कैप्सूल »

## नृसिंह जयंती के उपलक्ष्य में भव्यातिभव्य कार्यक्रम 11 मई को

**उज्जैन।** श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर देवस्थान ट्रस्ट उज्जैन के तत्वावधान में परम्परानुसार इस वर्ष भी विशाल चल समारोह 11 मई रविवार को सायंकाल 6.45 बजे गोधूलि बेला में निकलेगा जो कि नृसिंह मंदिर छोटा सराफा से आरंभ होकर बडा सराफा, खडे हनुमान मंदिर होकर वापिस मंदिर स्थल पर पहुंचेगा । जिसमें समाज जन के अलावा माहेश्वरी समाज की हस्तियां सम्मिलित होगी। प्रातःकालीन आरती सुबह 7 बजे भगवान नृसिंहजी का भव्य अभिषेक पूजन 9 से 11 बजे तक महाआरती दोपहर 12 बजे, पश्चात 108 कमल पुष्प अर्चना एवं प्रसादी वितरण होगा। यह जानकारी ट्रस्ट अध्यक्ष कैलाश माहेश्वरी व सचिव मंगलप्रसाद भट्टड ने दी। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील कार्यक्रम संयोजक गिरीश भट्टड, सुरेशचन्द काकाणी, सत्यनारायण मून्दडा, अंकुश धूत, आदि ने की है।

## उप पुलिस अधीक्षकों का दीक्षांत समारोह 7 मई को

**भोपाल।** मध्यकप्रदेश पुलिस प्रशिक्षण अकादमी भौंरी भोपाल स्थित परेड ग्राउण्डर में सात मई को प्रात: 08 बजे 43 वें बैच के उप पुलिस अधीक्षकों का दीक्षांत समारोह पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के मुख्यल आतिथ्यब में आयोजित होगा। इस बैच में कुल 19 अधिकारी प्रशिक्षण पूर्ण होकर प्रदेश की सेवा के लिये उपलब्ध हो जाएंगे। समारोह में मुख्य1 अतिथि परेड की सलामी लेंगे तथा परेड का निरीक्षण करेंगे। मुख्य अतिथि द्वारा बैच के विजेता अधिकारियों को शील्डि एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मा्नित भी किया जाएगा।

## अनुसूचित जाति वर्ग स्वरोजगार स्थापित करने शासन द्वारा चलाई गई योजना का ले लाभ

**भोपाल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित, भोपाल ने बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर योजना संचालित की गई है। डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना में स्वरोजगार स्थापित करने के लिए 10 हजार से एक लाख रूपए तक का ऋण दिया जाएगा। आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य होना चाहिए, शिक्षा का बंधन नहीं है। बैंक से प्राप्त ऋण पर 7 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक दिया जाएगा।

## विश्व हाथ स्वच्छता दिवस - समझाए गए हाथ धोनें के सात चरण

**भोपाल।** हाथों को स्वच्छ रखकर बीमारियों को दूर रखने के उद्देश्य से वर्ल्ड हैंड हाइजीन डे सोमवार को मनाया गया। जिसमें हाथ धोने की सही विधि, हैंड वॉशिंग स्टेप्स, हाथों को धोने से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में मरीजों एवं परिजनों को हाथ धोने की प्रक्रिया एवं उसके महत्व के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। अस्पतालों के पी.एन.सी. वार्ड में भर्ती महिलाओं एवं उनके परिजनों को नवजात शिशु के पालन पोषण के दौरान हाथों की स्वच्छता का ध्यान रखे जाने के संबंध में परामर्श प्रदान किया गया। एन.आर.सी. एवं एस.एन.सी.यू. एवं पी.आई.सी.यू.में भर्ती बच्चों के परिजनों को साफ-सफाई के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

## बास्केटबॉल में बालाघाट व खमरिया ने जीता ख़िताब

**जबलपुर।** सम्भाग के केन्द्रीय विद्यालय की ब्याज बास्केटबॉल प्रतियोगिता का रोमांच थम गया है. तीन दिन तक चली स्पर्धा की मेजबानी का दायित्व केन्द्रीय विद्यालय नम्बर वन जीसीएफ ने बखूबी निभाया. अन्डर 14 के फाईनल मैच में बालाघाट ने खमरिया को पराजित किया. वहीं अन्डर 17 का खिताब खमरिया के नाम रहा. विजेता टीम ने रोमांचक मुकाबले में पांढुर्ना को मात दी. इसी वर्ग के एक अन्य मैच में केवी वन सागर ने बालाघाट को हराकर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया. स्पर्धा का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ. केन्द्रीय विद्यालय संगठन के सम्भागीय उपायुक्त दिग्गराज मीणा के मुख्यातिथ्य व केवी वन जीसीएफ के प्रिंसिपल रजनीश सिंघई ने समारोह की अध्यक्षता की. केवी संगठन के सहायक आयुक्त हीरा लाल बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

### डॉ.राकेश मिश्र को मिला नेजा बिज़नेस अवॉर्ड 2.0

# पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास उत्कृष्ट समाज सेवा पुरस्कार से सम्मानित







**सतना।** रीवा रोड स्थित ओम रिसॉर्ट में आयोजित नेजा बिजनेस एवार्ड 2.0 का आयोजन किया गया। बिजनेस एवं समाज सेवा कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज सेवी एवं बिजनेसमैन को उनके द्वारा किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। डॉ राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए व चलाए जा रहे विभिन्न प्रकल्पों के लिए ओम रिसार्ट में आयोजित नेजा बिजनेस अवार्ड 2.0 में सेवा न्यास के कार्यों की सराहना हुई ।अपना सपना हरा भरा सतना एवं चलता फिरता मुफ्त अस्पताल के द्वारा सतना में विभिन्न स्थानों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया।

### उत्कृष्ट कार्यो के लिए सेवा न्यास का हुआ सम्मान

आयोजकों ने बताया कि सेवा न्यास के द्वारा विगत कई वर्षों से पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सांस्कृतिक, उन्नत खेती, गरीब कन्याओं का विवाह जैसे उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। सेवा न्यास के कार्यों से समाज में नई चेतना का उदय हुआ है।

# नामांतरण की कोई पेंडेसी नहीं: नपा अध्यक्ष

### दलाल/बिचौलियों से रहें सावधान

**गुना।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि विगत 24 मार्च से के पश्चात से 22 अप्रेल तक तक लगभग 1578 नामांतरण (जिन प्रकरणों में कमियां हैं,उन्हें छोडकर ) के प्रकरण स्वीकृत कर दिए गए हैं। जिन्हें हितग्राही कार्यालय की राजस्व शाखा से अपने नामांतरण की सूचना प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में अध्यक्ष के स्तर पर किसी प्रकार के पेंडेंसी नहीं है। श्रीमती गुप्ता ने बताया कि बिगत दिसंबर माह में तत्कालीन कलेक्टर महोदय के नामांतरण प्रकरण में रोक के बाद विगत मार्च माह में हुई बैठक में अध्यक्ष को अधिकार दिए गए हैं,तत्समय नगर पालिका में 1200 नामांतरण प्रकरण पेंडिंग थे।

नामांतरण में किसी प्रकार की पेंडेंसी वर्तमान में नहीं है, उन्होंने बताया कि अब जो भी प्रकरण आ रहे हैं उन्हें कर्मचारियों द्वारा निरीक्षण के पश्चात तत्काल स्वीकृत किया जा रहा है।

उन्होंने नगर वासियों से अनुरोध किया कि यदि नामांतरण की प्रक्रिया में कोई दलाल या बिचौलिया पैसे की मांग करता है ,तो हितग्राही सीधे मुझे सूचित कर सकते हैं। उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नामांतरण की प्रक्रिया में किसी प्रकार के दलाल अथवा बिचौलियों को न लाएं, स्वयं आकर अपने प्रकरणों की जानकारी ले, यदि किसी प्रकार की परेशानी है तो मुझे अवगत करा सकते हैं।

बीएलसी योजना (कुटी) के प्रकरणों की नगर पालिका द्वारा जांच कराई जा रही है इस हेतु नगर पालिका के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सिंह भदौरिया हटाए गए, चंद्रप्रकाश सिंह चौहान को सौंपी गई कमान

**गुना।** गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने गुना कोतवाली में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए निरीक्षक बृजमोहन सिंह भदौरिया को हटाकर पुलिस लाइन गुना में स्थानांतरित कर दिया है। उनके स्थान पर पुलिस लाइन से निरीक्षक चंद्रप्रकाश सिंह चौहान को गुना कोतवाली का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह तबादला दो गंभीर मामलों में हुई लापरवाहियों के चलते किया गया है, जिसने कोतवाली की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए थे।

सूत्रों के अनुसार निरीक्षक भदौरिया को लाइन हाजिर करने की कार्रवाई में दो प्रमुख घटनाएं प्रमुख वजह बनीं। पहली घटना अभ्युदय की मौत सेजुड़ी है, जिसमें पुलिस पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगे हैं। अभ्युदय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में की गई विवेचना को लेकर सवाल उठे हैं। मामले में हाल ही में आई नई पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पूरे प्रकरण में नया मोड़ आया है, जिससे पहले की जांच पर संदेह गहराया है। उल्लेखनीय है कि इस केस में मृतक अभ्युदय की मां को हत्या के आरोप में जेल भेजा गया था, जहां वह पिछले ढाई महीने से अधिक समय से बंद है। अब पुलिस इस मामले में अंतिम रिपोर्ट (एफआर) लगाने की तैयारी कर रही है, जिससे यह संकेत मिलते हैं कि प्रारंभिक जांच में गंभीर चूक हुई है।

दूसरी बड़ी चूक हनुमान जयंती के मौके पर निकाले गए जुलूस के दौरान हुई, जिसमें पथराव की घटना सामने आई थी। इस मामले में पुलिस की तैयारी और घटनास्थल पर मौजूदगी को लेकर कई सवाल उठाए गए। पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर स्थानीय लोगों और प्रशासनिक हलकों में असंतोष व्याप्त हुआ था। यहां तक कि इस मामले के बाद तत्कालीन एसपी को भी स्थानांतरित किया गया था, और अब कोतवाली प्रभारी पर भी कार्रवाई की गई है। इस पूरी कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशासनिक सुधार और जिम्मेदार अधिकारियों की नियुक्ति के रूप में देखा जा रहा है। नए थाना प्रभारी चंद्रप्रकाश सिंह चौहान को अब कोतवाली की कमान सौंपी गई है।

# 3 साल में भी नल जल योजना अधूरी , आखिर किसके दबाव में पंचायत में योजना को लिया हैंड ओवर





### ग्रामीणों ने कहा पुराने नल कनेक्शन से निकल रहे सफेद धागे वाले कीड़े

### जनपद सीईओ ने कहा शिकायत मिली है जांच के बाद की जाएगी कार्रवाई

**नर्मदापुरम।** आरती मालवीय नर्मदापुरम जिला मुख्यालय से करीब 22 किलोमीटर दूर स्थित डोलरिया तहसील के ग्राम पंचायत डोलरिया में नल जल योजना के तहत करीब 2 करोड़ की लागत से नल जल योजना का कार्य ठेकेदार द्वारा किया गया, आपको बता दें कि 2023 जून से इस नल जल योजना का कार्य ठेकेदार द्वारा प्रारंभ किया गया था इसके लगभग 3 साल पूरे होने वाले हैं ठेकेदार द्वारा पीएचई विभाग की मिली भगत से नल जल योजना को पंचायत पर दबाव बनाकर उसे हैंड ओवर कर दिया गया है। जनपद सदस्य धनराज यादव ने बताया कि 2023 में जून के महीने में नल जल योजना का कार्य प्रारंभ किया गया था कार्य की राशि करीब दो करोड रुपए की लागत से किया गया हैं। 3 साल लगभग पूरे होने वाले हैं इसके बाद भी यहां वहां योजना का काम अधूरा पड़ा हुआ है। जगह-जगह पाइप लाइन से सीपेज का पानी सड़क पर बह रहा है जो कनेक्शन ग्रामीणों ने लिए थे उनके पाइप भी वैसे ही सड़कों पर पड़े हुए हैं आए दिन इन पाइपों से लोग फंसकर गिर रहे हैं। पिछले पंचवर्षी में अस्पताल के कैंपस में पानी की टंकी बनाई गई थी जिसका अभी तक उपयोग नहीं किया गया है नल जल योजना के तहत डोलरिया तहसील के ग्राउंड में पानी की टंकी बनाई गई है जिसमें एक भी बार ठेकेदार द्वारा टंकी की तराई नहीं की गई है आने वाले समय में वहां के आसपास के रहने वाले लोगों का के साथ कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है पंचायत के पास पुरानी दो पानी की टंकियां है जिससे पंचायत के वार्डों में पानी की सप्लाई की जाती थी। उपसरपंच संजय राजपूत ने बताया कि नल जल योजना में ठेकेदार और पी एच ई विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से घटिया निर्माण किया गया है नल जल योजना का काम अभी अधूरा पड़ा हुआ है पंचायत के सरपंच और सचिव पर दबाव बनाकर योजना को हैंड ओवर कर दिया गया है। योजना अभी अधूरी पड़ी हुई है जिन लोगों ने नालों का कनेक्शन लिया हुआ है उनके पाइप उनके घरों के सामने पड़े हुए हैं नालों के चेंबर नहीं बनाए है और ना ही नलों की टोटी भी नहीं लगाई गई शिकायत के बाद ठेकेदार के कर्मचारी एकाद दिन आकर थोडा बहुत कम कर लीपा होती कर वापस चले जाते हैं। जिससे नल सप्लाई करते समय हजार लाखों लीटर पानी वेस्टेज जा रहा है। जब मामले को लेकर सरपंच पति राजेश साहू से बात की की आपने किस आधार पर योजना का काम अधूरा पड़ा था तो आखिर आपने किस आधार पर किसके दबाव में योजनाओं को हैंड ओवर लेली सरपंच पति राजेश साहू ने किसी तरह का कोई जवाब नहीं दिया जिससे यह प्रतीत होता है कि या तो किसी राजनीतिक दवाब या पैसों के लेनदेन की बू आ रही हैं। जिसकी बजह से यह योजना हैंड ओवर ली है।

डोलरिया तालाब मोहल्ले के दीपक राजपूत और बुद्धू यादव ने बताया कि हमें जो पुराने नल कनेक्शन से जो पानी सप्लाई दी जा रही है उसमें सफेद धागे वाले कीड़े निकल रहे हैं जिसका सैंपल हमारे पास रखा हुआ है इसकी मौखिक शिकायत सचिव से की थी। उन्होंने कहा कि मैं जांच करता हूं इसके बाद भी कुछ नहीं हुआ हम मंगलवार को जनसुनवाई में इसकी शिकायत करेंगे।

इनका कहना हैं जनपद पंचायत सीईओ हेमंत सूत्रकर का कहना है कि मीटिंग में जनपद सदस्य ने शिकायत की है की योजना अभी अधूरी पड़ी हुई है इसके बाद भी पंचायत ने किसके दबाव में योजना को हैंड ओवर ले लिया है इसमें हम जांच टीम का गठन किया जा रहा हैं। जब नल जल योजना का कार्य का काम पूर्ण नहीं हुआ है। आखिर पंचायत ने किस आधार पर योजना को हैंड ओवर ले ली है यह जांच का विषय है।इसमें जांच टीम द्वारा इसकी शीघ्र ही जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## नेशनल लोक अदालत 10 मई 2025 को, बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण के होंगे समझौते

**भोपाल।** म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 10 मई 2025 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही प्रकरणों में छूट दी जाएगी। कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।लोक अदालत में निराकरण के लिए दो स्तलर के मामले शामिल किए जाएंगे।

प्रि-लिटिगेशन स्तर पर - कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येअक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। लिटिगेशन स्तर पर - कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

कंपनी ने कहा है कि लोक अदालत में छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी।

आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा।

उपभोक्ता/उपयोगकर्ता को विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन/संयोजनों के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा।

आवेदक के नाम पर कोई वैध कनेक्शन न होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा वैध कनेक्शन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित कनेक्शनों के विरूद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा।

नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी/अनधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। विद्युत चोरी/अनधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत/अदालतों में छूट प्राप्त किये उपभोक्ता/उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे।

## ई-ऑफिस प्रणाली से कार्य सुनिश्चित करें: संभागायुक्त संजीव सिंह



### समय - सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

**भोपाल।** संभागायुक्त संजीव सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा अनुसार समस्त कार्यालयीन कार्य ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि पारंपरिक पद्धति के स्थान पर डिजिटलीकरण की दिशा में विभागों को तेजी से कदम बढ़ाना होगा।

संभागायुक्त संजीव सिंह ने सोमवार को आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में समय - सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में संयुक्त आयुक्त विनोद यादव, राजस्व उपायुक्त श्रीमती किरण गुप्ता एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में समय-सीमा अंकित पत्रों का निराकरण करने तथा आगामी बैठक में प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। संभागायुक्त श्री सिंह ने आगामी समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के लिए चिन्हित सीएम हेल्पलाइन विषयों पर लंबित शिकायतों की समीक्षा की एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।

श्री सिंह ने आगामी समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम की तैयारी के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने 100 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों का तत्काल और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने पर बल दिया। साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त श्री सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि यह सरकार की प्राथमिकता की योजनाओं में से एक है। सभी संबंधित विभाग रणनीति बनाकर निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करें।

## बंधक बनाए गए मजदूरों को मिली आज़ादी, गुना प्रशासन की सख्त कार्रवाई

### घर वापसी' शिविर 05 मई को – प्रशासन ने की जन सहयोग की अपील

**गुना।** गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्यागल एवं पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में चांचौड़ा क्षेत्र में शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई की गई, जिसमें अवैधानिक रूप से रखें या बंधक बनाए गए 16 व्यक्तियों को दबंग लोगों के घर, खेत, ढाबों, ईट-भट्टों एवं दुकानों से मुक्त कराया गया था।

जिसके परिपेक्ष्य में पुलिस प्रशासन के द्वारा 12 आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए मानव तस्करी एवं अन्य कठोर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर की गई, जिसमें 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है एवं उनके शस्त्र लाइसेंस भी निरस्त किए जा रहे हैं।

जिला प्रशासन गुना के द्वारा इस घर वापसी अभियान के तहत चांचौड़ा के बीनागंज पुलिस चौकी प्रांगण में दिनांक 05 मई 2025 सोमवार को एक शिविर लगाया जा रहा है। जिसमें प्रशासन की ओर से अनुविभागीय अधिकारी चांचौड़ा रवि मालवीय द्वारा सभी लोगों से अपील की गयी है कि वे लोग जो ऐसे कमजोर, असहाय व्यक्तियों को अपने घरों में, खेतों में ढाबों में या अन्य व्यावसायिक स्थलों में बलपूर्वक रखे हुए हैं या बलात श्रम कार्य करवा रहे हैं, उन्हें कल प्रशासन को सुपुर्द करते हुए बीनागंज पुलिस चौकी के शिविर में पहुंचाना सुनिश्चित करें। जिससे ऐसे असहाय लोगों का इलाज संभव हो और उन्हें उनके परिजनों तक पहुंचाया जा सके। अन्यथा आगामी दिवसों में ऐसे आपराधिक प्रवृति के लोगों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा मानव तस्करी एवं अन्य सुसंगत धाराओं में कठोर कार्रवाई की जावेगी।

सभी जनप्रतिनिधि, समाज सेवकों, जन सामान्य, सभी अधिकारी कर्मचारियों से विशेष आग्रह है कि इस घर वापसी अभियान में आपके क्षेत्र में ऐसे लोगों को चिन्हित करके उन्हें शिविर तक पहुंचाने में सहयोग करें।

संपादकीय

# चीन और पाकिस्तान के बीच गुप्त रक्षा संधि ?

बुल्गारिया की रक्षा वेबसाइट मिल्ट्री.कॉम की ताजा रिपोर्ट ने भारत की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन और पाकिस्तान के बीच एक गुप्त समझौते पर बातचीत चल रही है। इस समझौते के तहत चीन, पाकिस्तान को रूस निर्मित एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की तकनीकी जानकारी देगा। यह वही एस-400 प्रणाली है। जिसे भारत ने रूस से 5.43 अरब डॉलर में खरीदा था। भारत ने इस तकनीकी से निर्मित विमान एवं सुरक्षा उपकरण चीन तथा पाकिस्तान की सीमा सुरक्षा एवं चुनौतियों से निपटने के लिए तैनात किया है। चीन को भी रूस नेएस-400 एयर डिफेंस दिया है। अगर यह जानकारी चीन द्वारा पाकिस्तान को लीक होती है। ऐसी स्थिति में पाकिस्तान की वायु सेना मजबूत हो जाएगी। भारतीय वायु सेना का सुरक्षा कवच कमजोर हो जायेगा। पाकिस्तान बरावरी के मुकाबले में आकर भारत के सामने खड़ा हो जाएगा। चीन पहले से स्-400 का उपयोग कर रहा है। चीन और भारत एस 400 की बेहतरी और कमजोरियों से भली-भांति परिचित हैं। यदि चीन ने पाकिस्तान को इसकी रडार फ्रीक्वेंसी, ब्लाइंड स्पॉट और जामिंग तकनीक की जानकारी दे दी, तो भारत के सैन्य मिशनों और रणनीतिक संतुलन के लिए भारत के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। यह मुद्दा केवल सैन्य नहीं, बल्कि कूटनीतिक और आर्थिक रूप से भारत के लिए कई चुनौतियों को खड़ा करेगा। भारत रूस का परंपरागत सहयोगी रहा है। वर्तमान स्थिति में रुस, अमेरिका चीन और पश्चिमी देशों की ओर झुक रहा है। वर्तमान में चीन का झुकाव भी पाकिस्तान की ओर बढ़ा है। भारत की सीमा चीन और पाकिस्तान से लगी हुई है। ऐसी स्थिति में चीन संतुलन बनाए रखने के लिए पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मजबूत बनाने का जो काम कर रहा है। वह भारतीय हितों को बुरी तरह से प्रभावित करने वाला है। रूस ने एस 400 को लेकर भारत के साथ किये गये समझौते की अनदेखी की, तो भारत की रक्षा नीति को गहरा आघात लगेगा। वैश्विक हथियार नीति के 'एंड यूजर एग्रीमेंट' पर सवाल खड़े होंगे। वर्तमान स्थिति में जिस तरह की हालत देखने को मिल रही है। उसमें एग्रीमेंट का कोई बहुत ज्यादा महत्व नहीं रहा। सारी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं अपना वजूद खो चुकी हैं। भारत सरकार को इस रिपोर्ट की गंभीरता को समझना होगा। चीन पाकिस्तान के साथ रक्षा और एस 400 को लेकर यदि कोई समझौता करता है।ऐसी स्थिति में भारत को रूस से औपचारिक आपत्ति और कूटनीतिक दबाव बनाकर एस-400 की गोपनीयता सुनिश्चित करने का दबाव बनाना होगा। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो भारत के अरबों डॉलर खर्च करके जो सैन्य उपकरण खरीदे है। वह सुरक्षा व्यवस्था बेमानी साबित हो सकती है। रक्षा मामलों में चीन से भारत बहुत पीछे हैं यदि पाकिस्तान जैसे देश चीन को सहायता से रक्षा मामलों में हमारी बराबरी में आकर खड़े हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में भारत को जो चुनौतियां मिलेगी, उनकी कल्पना कर पाना आज की स्थिति में संभव नहीं है। भारत के विदेश मंत्री पहले ही कह चुके हैं।चीन आर्थिक और सैन्य क्षेत्र में भारत से बहुत आगे है। हम उसका मुकाबला नहीं कर सकते हैं। यदि चीन गुप्त रूप से पाकिस्तान की मदद कर रहा है। ऐसी स्थिति में सबसे ज्यादा परेशानी भारत को होगी। भारत के मुकाबले चीन अपने आप को बहुत समर्थ बनाना चाहता है। वैश्विक व्यापार तथा सैन्य शक्ति में वह दुनिया के देशों में सबसे अग्रणी रहे। इसके लिए चीन की प्रतिस्पर्धा भारत के साथ हमेशा बनी रहेगी। चीन दुनिया के साम्राज्य का प्रभाव अपने वश में रखना चाहता है। भारत भी दुनिया का विश्व गुरु बनना चाहता है। चीन पीठ के पीछे से वार करने और अपनी विस्तार नीति के लिए पहचाना जाता है। ऐसी स्थिति में भारत को बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। जिस तरह की स्थिति वर्तमान में देखने को मिल रही है, उससे भारत की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। भारत सरकार को बहुत गंभीरता के सात चिंतन मनन करते हुए वर्तमान स्थिति में अपने आप को चुनोतियों से बचाते हुए आगे बढ़ाने के मार्ग को खोजना होगा। जिस तरह 1962 में हिंदी चीनी भाई-भाई के रूप में चीन ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और भारत के साथ विश्वासघात किया था। वही हालात अब एक बार फिर देखने को मिल रहे हैं। इसलिए भारत को इतिहास से भी सबक लेने की जरूरत है।

– सनत जैन

राज काज

## ईडी के मुंबई कार्यालय में आग लगी या लगाई ?

ईडी के मुंबई कार्यालय में शनिवार को देर रात आग लग गई। इस आग में बड़े-बड़े नेताओं, बड़े-बड़े कारोबारियों के बड़े-बड़े घोटाले की फाइलें आग में जलकर खाक हो गई हैं। कार्यालय की 80 फीसदी फ़ाइलें और दस्तावेज जल गए हैं। इस आग में कई कंप्यूटर भी जल गए हैं। जिनमें यह डाटा रखे गए थे। जो आरोपी थे,उन्हें आग लगने से बड़ी राहत मिली है। आग कई घंटे तक लगी रही। मुंबई की फायर ब्रिगेड आग को नहीं बुझा पाई। इस आग में गुजरात के भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल भाई चौकसी और नीरव मोदी की भी फाइलें थी। इसके अलावा अजीत पवार,अनिल देशमुख और छगन भुजवल की भी फाइलें थी। यह सब भाजपा की गंगा में नहा चुके हैं। इनके पाप धुलना थे, आग लगकर धुल गए, अब चिंता की कोई बात नहीं है।शनि की जो साढे साती लगी थी।वह शनिवार के दिन उतर गई। इससे अच्छा क्या हो सकता है।

## पाक मुद्दे पर विपक्ष की सरकार पर घेराबंदी

जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले के बाद सर्वदलीय बैठक में सारे विपक्ष ने एकजुट होकर सरकार को फ्री हैंड दिया है। सरकार जो भी कार्यवाही करना चाहे, विपक्ष सरकार के समर्थन में खड़ा रहेगा। विपक्ष का समर्थन मिलने के बाद भी अभी तक सरकार ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। जिसके कारण अब विपक्ष सरकार के ऊपर हमलावर हो गई है। अब तो पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में विलय करने की बात होने लगी है। पाक अधिकृत कश्मीर हमेशा से भारत का हिस्सा रहा है। विपक्ष सरकार पर दबाव बना रहा है, पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में शामिल करो। सरकार जवाब नहीं दे पा रही है।सरकार की चुप्पी से विपक्ष लगातार हमलावर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने के स्थान पर बिहार केरल और आंध्र प्रदेश में जिस तरह के राजनीतिक भाषण दिए हैं उससे विपक्ष और भी हमलावर हो गया है।

## पाक प्रधानमंत्री शाहबाज भारत में ब्लॉक

जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से लगातार छुटपुट कार्रवाई की जा रही है। लोगों को आशा थी, कोई बड़ा हमला भारत कर, पाकिस्तान को सबक सिखाएगा।लेकिन जिस तरह की कार्रवाई हो रही है।उससे लोगों में गुस्सा देखने को मिल रहा है। भारत सरकार ने सोशल मीडिया अकाउंट्स और यूट्यूब चैनल बंद करने का सिलसिला शुरू किया है। इसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का आधिकारिक यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट ब्लॉक कर दिया है। इस तरह की कार्यवाही से अब जनता के बीच में सरकार और भाजपा की खिल्ली उड़ने लगी है। बड़ी-बड़ी धमकी पाकिस्तान को दी जा रही है। लेकिन हो कुछ नहीं रहा है। पाकिस्तान पर हमला करने के लिए भारत सरकार गड़े पत्थर उखाड़ रही है। पत्थर उखड़ेगा नहीं हमला होगा नहीं।

# पहलगाम त्रासदी : क्या हो अमन की राह ?



राम पुनियानी

कश्मीर के बैसरन में 26 सैलानियों को बेरहमी से क़त्ल कर दिया गया और कई अन्य घायल हुए। इस त्रासदी को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। यह दावा किया गया है कि हत्यारे आतंकवादी पाकिस्तान की लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन 'द रेसिसटेंस फोर्स' के थे। इस संगठन ने इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी भी ली है। हमलावरों ने लोगों का धर्म पूछा और फिर बेरहमी से उन्हें अपनी गोलियों का निशाना बनाया। मरने वालों में सैयद आदिल शाह नामक व्यक्ति भी था जो पर्यटकों को घोड़ों पर बिठाकर सैर करवाता था।

इस कांड के तुरंत बाद हेलीकाप्टरों के पहुँचने तक हमले के शिकार लोगों की मदद मुख्यतः मुसलमानों ने की। घायलों का इलाज मुस्लिम डॉक्टरों के एक दल ने किया। पूरी कश्मीर घाटी में बंद रहा और 'हिंदू मुस्लिम भाई भाई' के नारे गूंजते रहे। घटना के समय प्रधानमंत्री सऊदी अरब में थे। वे अपनी यात्रा अधूरी छोड़कर स्वदेश वापिस आए लेकिन घटनास्थल पर जाने के बजाए वे एक चुनावी रैली में शामिल होने बिहार चले गए। प्रधानमंत्री मोदी ने सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता भी नहीं की क्योंकि वे उस समय बिहार में थे और वहां मंच पर भाजपा के सहयोगी दल के नेता नीतीश कुमार के साथ हंसी-ठिठोली करते नजर आए। सभी विपक्षी दलों ने आतंकी हमले के खिलाफ सरकार द्वारा उठाए जाने वाले सभी कदमों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया, जो बिलकुल उचित कदम था।

प्रधानमंत्री का यह रवैया गुजरात के गोधरा में ट्रेन में आग लगने की घटना के बाद के उनके रवैये के एकदम विपरीत था। तब वे घटना के आधे घंटे के अंदर ही घटनास्थल की ओर रवाना हो गए थे और उन्होंने यह निर्देश दिया था कि शवों को अहमदाबाद ले जाया जाए जहां उन्हें एक जुलूस में शहर की सड़कों पर घुमाया गया।

पहलगाम हमले के बाद से सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर ऐसे संदेश पोस्ट किए जा रहे हैं जिनमें आतंकवादियों को 'मुस्लिम राक्षसों' के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। आतंकियों ने पर्यटकों की हत्या करने के पहले उनका धर्म पूछा इस बात को मुस्लिमों के प्रति घृणा फैलाने का मुख्य आधार बनाया जा रहा है। मुसलमानों को कठघरे में खड़ा करने का सिलसिला काफी पहले से चल रहा है। गाय और लव जिहाद जैसे मुद्दों के बहाने मुसलमानों की लिंचिंग होती रही हैं। उनका नाम पता लगने के बाद उन्हें मकान बेचने या किराए पर देने से इंकार कर दिया जाता है। उन्हें सिर्फ उनके धर्म की वजह से नौकरी नहीं दी जाती है। सरकार और गोदी मीडिया ने आतंकियों के मुस्लिम होने की बात का जिक्र तो खूब किया मगर उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और गुप्तचर संस्थाओं की असफलता के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा। यह पुलवामा की घटना के बाद के रवैये जैसा ही था। तब भी आतंकी हमले को लेकर जनाक्रोश को भड़काने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई लेकिन इस मुद्दे की जरा सी भी चर्चा नहीं की गई कि भारी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद आरडीएक्स वहां कैसे पहुंचा। प्राप्त समाचारों के अनुसार इस बात के संकेत थे कि हमला हो सकता है। ऐसे में सरकार ने उसे रोकने के लिए कौन-से कदम उठाए? बैसरन पहुंचने के पहले सेना की बहुत सी निगरानी चौकियों को पार करना पड़ता है। फिर आतंकी वहां पहुंचने में कैसे सफल हो गए? त्रासदी के बाद स्थानीय मुसलमानों, घोड़े वालों, रिक्शा चालकों और होटलों के मालिकों (जो सभी मुसलमान थे) ने पर्यटकों की मदद की और फैसला लिया कि वे उनसे एक रूपया भी नहीं लेंगे। इसके विपरीत एयरलाइन्स ने आपदा को अवसर में बदलते हुए किराए में अनाप-शनाप बढ़ोत्तरी कर दी। कई कश्मीरी विद्यार्थियों को उनकी होस्टलों में प्रताड़ना झेलनी पड़ी कई से हॉस्टल खाली करने को कहा गया। देश के विभिन्न भागों में कश्मीरियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

भारत सरकार ने सिंधु नदी के जल के बंटवारे पर भारत-पाक संधि को स्थगित करने की घोषणा की। इस पर पाकिस्तानी नेतृत्व ने कहा कि यह युद्ध की घोषणा के समान है। टकराव और संघर्ष के काले बादल आसमान में साफ नजर आ रहे हैं।

आतंकवाद कश्मीर की गंभीर समस्या बनी हुई है। इस समस्या की जडें बहुत पुरानी हैं। भारत में कश्मीर के विलय की संधि के कई प्रावधानों को कमज़ोर कर दिया गया। इससे कश्मीरियों में असंतोष की शुरूआत हुई। शेर-ए-कश्मीर शेख अब्दुल्ला को भी यह ठीक नहीं लगा। उनके मन में यह विचार आने लगा कि क्या कश्मीर का भारत में विलय करना एक गलती थी। यह असंतोष पूरी तरह कश्मीरियत पर आधारित था। कश्मीरियत वेदांत परंपराओं, बौद्ध मूल्यों और सूफी शिक्षाओं के मिलन से बनी संस्कृति है। पाकिस्तान ने इस असंतोष को हवा दी। इसने हिंसक रूप ले लिया और हालात और जटिल हो गए। 1990 के दशक में अल कायदा की ताकत बढ़ गई और उसके जैसे अन्य तत्वों ने इस विशुद्ध कश्मीरी प्रतिरोध को साम्प्रदायिक स्वरूप दे दिया। कश्मीरी पंडितों को प्रताड़ित किया गया और वे घाटी छोड़ने को मजबूर हुए। उस समय भाजपा समर्थित वी। पी। सिंह सरकार केन्द्र में सत्ता में थी।

# आओ परिस्थितियों से लड़कर इतिहास रचें



किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर खुशियों या सकारात्मक परिस्थितियों में तो हर व्यक्ति जीवन जीनें को आतुर रहता है, परंतु सृष्टि का यह नियम है कि हमेशा ऐसा नहीं होता, जीवन का चक्र घूमते रहता है। यदि आज सकारात्मक परिस्थितियां हैं तो कल नकारात्मक परिस्थितियां भी आनी ही है !जिससे हमें मुकाबला कर आगे बढ़ना है और स्थितियों पर परिस्थितियों से निपट कर सफलता के झंडे गाड़कर इतिहास रचना है। जो खुद में स्थिर होते हैं, हर परिस्थितियों से लड़ते हैं, वही अपने जीवन में इतिहास रखते हैं। क्योंकि जब हम निर्भीकता से विपत्तियों का मुकाबला करने के लिए कटिबद्ध होंगे त्योंहि विपत्तियां दुम दबाकर भाग खड़ी होगी। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से विभिन्न विचारों को समाहित करते हुए चर्चा करेंगे आओ परिस्थितियों से लड़ कर इतिहास रचें।

साथियों बात अगर हम मानवीय जीवन में परीक्षा की घड़ी की करें तो अनुकूल परिस्थितियों में तो सभी सटीकता से जीवन यापन करने और अपने आप को सुदृढ़ और सुलझा हुआ कहने लगते हैं परंतु असली व्यक्तित्व और सटीकता का पता तो तब चलता है जब विपरीत परिस्थितियों में भी स्थिरता के से मुकाबला कर उन्हें अनुकूल बनाकर इतिहास रचते हैं। असल में हमें विपरीत परिस्थितियों में हिम्मत रखना और जिंदगी में जो भी परिस्थितियां हो उसका डटकर सामना करना हमारी जिंदगी में जो भी समस्या हो उन समस्याओं का हल निकालना और उन समस्याओं का हल निकालते और लड़ते-लड़ते मर जाना बेहतर है। किसी भी समस्या से भागना नहीं चाहिए विकट परिस्थितियों में जूजते रहेंगे तो हमारी समस्याओं का हल अपने आप निकलता रहेगा और आने वाली पीढ़ी के लिए समस्याओं का निराकरण भी लाएंगे और हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए आदर्श भी बनेंगे जो लोग समस्याओं से लड़ते हैं और उसका हल निकालते हैं और डरते नहीं है, वही लोग महान हैं। साथियों बात अगर हम सटीक कहावत मानव परिस्थितियों का दास होता है और उस दास शब्द को अस्वीकार करने की करें तो, मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकलने के लिए हमें सर्वप्रथम उन वजहों को समझने का प्रयास करना चाहिए जिनके चलते ये परिस्थितियाँ पैदा हुई हैं जिसपर पर बारिकी से नजर रखते हुए सब्र के साथ परिस्थितियों का सामना करने का प्रयास करना चाहिए,जो परिस्थितियाँ हमारे बस में ना हों उनके लिए अधिक चिंतित हम ना हों । वे समय के साथ खुद ब खुद सामान्य हो जाएँगी। हर हालत में धैर्यवान बने रहकर ईश्वर अल्लाह (समय) पर भरोसा करना चाहिए।समय से बलवान कोई नहीं।चाहे कितनी भी मुश्किल परिस्थिति हो समय बीतने के साथ-साथ मुश्किल से मुश्किल परिस्थितियों को बदलकर सामान्य होते देर नहीं लगतीं।कितना भी गहन अंधकार वाली रात्रि हो कुछ पलों में सूर्योदय अवश्यंभावी है। साथियों वह नियति हो या फिर परिस्थिति कोई फर्क नहीं पड़ता और जीवन में अच्छे और बुरे दोनों वक्त आते हैं। जिस तरह से हम अच्छे वक्त को संभालना बचपन से जानते हैं, उसी तरीके से हमें बुरे वक्त को भी संभालना सीखना चाहिए किस तरीकेसे हम इनको संभाले कि यह परिस्थितियां कभी भी हमारे जीवन में ऐसी परिस्थिति ना क्रिएट करें की हम टूट कर बिखर जाएं यदि टूट कर बिखर भी जाएं तो स्वयं को जोड़कर पुनःखड़ा होने की हिम्मत अपने अंदर रखनी चाहिए।

सुविचार

धन बर्बाद करके आप निर्धन होते है लेकिन समय बर्बाद करके आप अपना जीवन नष्ट करते है। – अज्ञात

जब आप दो बुराइयों में से छोटी बुराई को चुनते है, तो याद रखें कि वह अभी एक बुराई ही है। – मैक्स लर्नर

प्रसंग

## सहयोग की भावना

महामना मदनमोहन मालवीय को काशी हिंदू विश्वविद्यालय के निर्माण म के लिए धन की आवश्यकता थी । इसलिए वह समाज के संपन्न लोगों से मिलकर उनसे इस सत्कार्य में सहयोग की प्रार्थना करते थे । मालवीय के एक मित्र उन्हें इसके लिए एक बड़े व्यापारी के घर ले गए। आवाज देने पर सेठ जी ने बैठक का दरवाजा खोला और दोनों अतिथियों को बैठाया । उस वक्त शाम हो जाने के कारण अंधेरा छाने लगा था। बैठक में बिजली नहीं थी, इसलिए सेठ जी ने अपने छोटे बेटे को लालटेन जलाने को कहा। बेटा लालटेन और दियासलाई लेकर आया। उसने माचिस की एक तीली जलाई, परंतु लालटेन तक आते-आते बुझ गई । इस तरह उसने तीन तीलियां बर्बाद कर दीं। इस पर सेठ जी ने लड़के से नाराज होकर कहा, तुमने माचिस की तीन तीलियां बर्बाद कर दीं, कितने लापरवाह हो । यह कहकर सेठ जी जब अंदर गए तो मालवीय जी ने अपने मित्र की ओर देखा, मानो कह रहे हों कि इस सेठ से कुछ पाने की आशा मत करो क्योंकि यह तो इतना कंजूस है कि माचिस की तीन तीलियां नष्ट हो जाने पर लड़के को डांटता है । संकेत में मित्र मालवीय जी से सहमति जताई और दोनों बैठक से बाहर निकले । इतने में सेठ जी आ गए। वह चकित होकर बोले, अरे ! आप चल क्यों दिए ? बैठिए, काम तो बताइए। मालवीय जी के मित्र ने आने का प्रयोजन बताया । सेठ जी ने पचीस हजार रुपये निकालकर रख दिए । मालवीय जी ने सेठ जी से कहा, अभी आपने लड़के को माचिस की तीलियां नष्ट होने की वजह से डांटा, जबकि उनका मूल्य नहीं के बराबर है । लेकिन हमें आपने तुरंत पचीस हजार रुपये दे दिए।

जरा हटके

## सेहत के लिए बेहद लाभकारी है स्टार गूजबेरी

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** खट्टे-मीठे स्वाद से भरपूर फल स्टार गूजबेरी बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को पसंद आता है। स्टार गूजबेरी को नमक, नींबू, मिर्च या मसाले के साथ कच्चा खाया जाता है। इसके टुकड़ों को चीनी में लपेटकर कुछ दिन रखने से एक प्राकृतिक सिरप बनता है, जो स्वाद के साथ-साथ स्वास्थ्य लाभ भी देता है। जब यह फल पकता है तो इसका रंग गहरा लाल हो जाता है, जिससे यह जैम, जेली, मुरब्बा, चटनी और अचार बनाने के लिए उपयुक्त हो जाता है। दक्षिण भारत में इसे पारंपरिक व्यंजनों में इमली की जगह इस्तेमाल किया जाता है, जैसे नेल्लिक्कई साधम में नारियल और गाजर के साथ।

वहीं इसकी चटनी, जो दही, हरी मिर्च और अदरक के साथ बनाई जाती है, चावल और नाश्ते के साथ बेहद स्वादिष्ट लगती है। स्वास्थ्य की दृष्टि से देखा जाए तो स्टार गूजबेरी में कैल्शियम हड्डियों को मजबूत करता है, फास्फोरस डीएनए और आरएनए के निर्माण में सहायक होता है, जबकि आयरन और राइबोफ्लेविन शरीर में ऊर्जा और रक्त निर्माण में मदद करते हैं। इसमें प्रचुर मात्रा में विटामिन सी होता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, त्वचा को निखारता है और शरीर में सूजन को कम करता है। इसके अलावा, इसके एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को डिटॉक्स करते हैं और पाचन तंत्र को दुरुस्त रखते हैं। आयुर्वेद और पारंपरिक एशियाई चिकित्सा में इसका उपयोग गले की खराश, खांसी, अपच और पेट से जुड़ी समस्याओं के इलाज में किया जाता है। इसका सिरप बच्चों और बड़ों दोनों के लिए लाभकारी माना जाता है। इसे ताजे रूप में खाना सबसे बेहतर होता है, हालांकि इसे फ्रिज में सीलबंद कंटेनर में रखकर कुछ हफ्तों तक ताजा रखा जा सकता है या सुखाकर लंबे समय तक स्टोर किया जा सकता है।

इसके स्वाद की खासियत यह है कि यह नारियल, साइट्रस फल, हल्दी, गरम मसाला, इलायची, प्याज और अदरक जैसे मसालों के साथ बेहतरीन मेल खाता है। बता दें कि आंवले जैसे दिखने वाला और खट्टे-मीठे स्वाद से भरपूर फल स्टार गूजबेरी न केवल स्वाद में लाजवाब है, बल्कि सेहत के लिए भी बेहद लाभकारी माना जाता है। देश के विभिन्न हिस्सों में इसे सरफरी, नेल्लिक्कई या साइकोमी के नाम से जाना जाता है।

फोटो ऑफ द डे



सिंगापुर में आम चुनावों के परिणामों की प्रतीक्षा करते हुए पीपुल्स एक्शन पार्टी के समर्थक। (फोटो-ईएमएस)

व्यंग्य

# देसी हाथ बनाम विदेशी हाथ

–गुरमीत बेदी

भाईयों, आज का टॉपिक है- देसी हाथ बनाम विदेशी हाथ। आज हम इसी टॉपिक पर चर्चा करेंगे और अपना सिर खपायेंगे। अब आप यह मत कह बैठना कि हाथ तो हाथ ही होता है, देसी हो या विदेशी, गोरा हो या काला, भ्रष्टाचार से सना हो या दूध धुला, छोटा हो या बड़ा, पाँच उँगलियों वाला हो या छह-सात उँगलियों से सज्जित, इससे क्या फ़र्क पड़ता है और इस पर क्या फिजूल की बहस करनी। लेकिन अपुन को यह साबित करना है कि देसी हाथ और विदेशी हाथ में उसी तरह ज़मीन-आसमान का फ़र्क होता है जैसे देसी दुल्हन और विदेशी मेम, देसी गाड़ी और विदेशी गाड़ी, देसी शराब और विदेशी शराब, देसी लॉकर और विदेशी लॉकर में फ़र्क होता है इत्यादि-इत्यादि।

वैसे तो देने के लिए अपुन के पास और भी उदाहरण हैं लेकिन अपुन पहले ही स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि अपुन का मकस्द मुल्क का टाइम पास करना है न कि टाइम बरबाद करना, इसलिए हम बहस को देसी हाथ बनाम विदेशी हाथ तक सीमित रखेंगे, राजनीतिक दलों के अंदरूनी झगड़ों की तरह ज़्यादा पचड़े में नहीं पड़ेंगे। पचड़ेबाजी में पड़ने से बंदा विवाद ग्रस्त हो जाता है और प्रजातंत्र में विवाद ग्रस्त होना कई बार बहुत महँगा पड़ जाता है, इसलिए महँगाई और विवाद से किनारा करते हुए अपुन यह साबित करेंगे कि कौन-कौन से लफड़ों में विदेशी हाथ होता है और कौन से लफड़े देसी यानी स्वदेशी हाथ द्वारा किए जाते हैं। पहले हम देसी हाथ की चर्चा करेंगे और कुछ एक उदाहरणों द्वारा यह बताएँगे कि देसी हाथ भी किसी से कम नहीं है, इसे यों ही सस्ते में लेने की भूल न की जाए।

अगर किसी पार्टी में नेतृत्व की लड़ाई छिड़ती है और मामला मीडिया के मार्फत पब्लिक तक पहुँचता है तो इसका मतलब एकदम साफ़ है कि इस पचड़े में शुद्ध रूप से देसी हाथ ही है। हो सकता है पार्टी के भीतर कोई महत्वाकांक्षी व्यक्ति जलजला पैदा करके आसन हथियाना चाहता हो। अगर समय पर उस व्यक्ति की महत्वाकांक्षा पर नकेल कस दी जाए तो मीडिया के मार्फत पब्लिक को यह बात भी पता चल सकती है कि सिंहासन पलट की नाकाम कोशिश के पीछे खुदा का नहीं बल्कि देसी हाथ ही था। देसी हाथ के और भी बहुत से जलवे हैं। मान लीजिए कि किसी विभाग में कोई घोटाला होता है ओर घोटाले का पर्दाफाश हो जाता है तो यही कहा जाएगा कि घोटाला करने के पीछे भी देसी हाथ था और घोटाले की ख़नबर लीक करवाने में भी देसी हाथ का ही कमाल था। इश्कबाज़ी में भी कई बार देसी हाथ रंग दिखाता है। प्रेमी महोदय अपनी प्रेमिका तक खत पहुँचाने के लिए जिस दोस्त की मदद ले रहे होते हैं, एक दिन वहीं दोस्त प्रेमिका उड़ाकर ले जाता है और प्रेमी महोदय अपनी डायरी में उदास नग़मे लिखने को मजबूर हो जाते हैं। देसी जेल से अगर देसी कैदी भाग जाएँ तो इसमें भी देसी हाथ ही होता है और देश में कहीं परीक्षा के पेपर लीक हो जाएँ तो इस करिश्मे के पीछे भी देसी हाथ का चमत्कार होता है। देसी हाथ कई बार फ़र्श से अर्श तक पहुँचा देता है और कई बार अर्श से फ़र्श पर लाकर पटक देता है। ऐसा चमत्कार अमूमन राजनीति में होता है।

चिंतन-मनन

## अपना दृष्टिकोण

एक कन्या ने अपने पिता से कहा, मैं किसी पुरातत्वविद् से विवाह करना चाहती हूं। पिता ने पूछा, क्यों? कन्या बोली, पिताजी ! पुरातत्वविद् ही एक ? सा व्यक्ति होता है जो पुरानी चीजों को ज्यादा मूल्य देता है। मैं भी ज्यों-ज्यों पुरानी होती जाऊंगी, बूढ़ी होती जाऊंगी, मेरा मूल्य भी बढ़ता जाएगा। वह मेरे से नफरत भी नहीं करेगा। पुरातत्वविद् यह नहीं देखता कि वस्तु कितनी सुन्दर है, कितनी असुन्दर है। वह इतना देखता है कि वस्तु कितनी पुरानी है। यह उसके मूल्यांकन की दृष्टि होती है।

कहने का अर्थ यह कि मूल्यांकन का अपना-अपना दृष्टिकोण होता है। मूल्यांकन का हमारा भी एक दृष्टिकोण है। अध्यात्म की साधना करने वाले व्यक्ति का अपना एक दृष्टिकोण होता है मूल्यांकन का और वह उसका स्वयं का दृष्टिकोण होता है, किसी से उधार लिया हुआ नहीं। उसका दृष्टिकोण बदले, चरित्र बदले। वह पुराना ही न रहे, नया बने। पुरानेपन का आग्रह छूटे। साधना में पुरातत्वविद् की दृष्टि काम नहीं देती। वहां नयेपन का आयाम खुलता है और सदा नया बना रहने की आकांक्षा बनी रहती है।

प्रत्येक समझदार आदमी का प्रयत्न सप्रयोजन होता है। ध्यान की साधना करने वाले व्यक्ति का साध्य है- रूपान्तरण दृष्टि का रूपान्तरण, चरित्र का रूपान्तरण। अहं को अर्हम् में बदलना। अहं और अर्हम् में केवल एक मात्रा का अन्तर है। साधक अहं को छोड़कर अर्हम् बनना चाहता है। एक मात्रा का अर्जन करना है। अहम् पर ऊर्ध्व र लगे, ऐसा प्रयत्न करना है। तब साधना सफल हो जाती है।

रोचक

## इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है विटामिन सी

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** उम्र बढ़ने के बावजूद शरीर और मन को जवान रखा जा सकता है। इसके लिए तनाव से दूर रहना, संतुलित आहार लेना और नियमित रूप से व्यायाम करना आवश्यक है।

जवान रहने के लिए इतना ही काफी नहीं है। शरीर की जरूरतों को पूरा करने के लिए कुछ असरदार सप्लीमेंट्स की भी सहायता ली जा सकती है जो अंदरूनी अंगों को हेल्दी रखते हैं और उम्र का असर कम करते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, कोलेजन ऐसा तत्व है जो त्वचा की झुर्रियों को रोकता है और डेड सेल्स को हटाकर नए सेल्स को जन्म देता है, जिससे त्वचा में ताजगी बनी रहती है। वहीं, विटामिन सी इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है और स्किन की चमक बनाए रखने में मदद करता है। यह न केवल रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है बल्कि स्किन पर भी यौवन लौटाता है। रेजवेरेट्रॉल नामक एंटीऑक्सीडेंट, जो आमतौर पर रेड वाइन में पाया जाता है, सेल्स को रिपेयर करता है और उन्हें लंबा जीवन देता है।

कोएंजाइम क्यू10 नाम का तत्व शरीर को अंदर से ऊर्जा प्रदान करता है और थकावट के कारण स्किन पर दिखने वाले फाइन लाइन्स को ठीक करता है। हायल्यूरोनिक एसिड स्किन की हाइड्रेशन के लिए अहम माना जाता है और कोलेजन निर्माण में सहायक होता है।

# यूके में आतंकी साजिश की योजना बनाते हुए चार ईरानी नागरिक गिरफ्तार

## मेट्रोपॉलिटन पुलिस के काउंटर-टेररिज्म कमांड ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया

**लंदन।** ब्रिटेन में पुलिस ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें चार ईरानी नागरिक हैं। इन पर आतंकवादी कृत्य की तैयारी का आरोप है, और ये एक खास जगह को निशाना बनाने की साजिश रच रहे थे। ये खबर न सिर्फ ब्रिटेन, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चौंकाने वाली है। इस खबर के बाद से यूके में इमीग्रेशन को लेकर सवाल उठने लगे हैं।मेट्रोपॉलिटन पुलिस के काउंटर-टेररिज्म कमांड ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। गिरफ्तार किए गए लोग 29 से 46 साल की उम्र के हैं। चार ईरानी नागरिकों को स्विंडन, वेस्ट लंदन, स्टॉकपोर्ट और रोचडेल में पकड़ा गया, जबकि पांचवें शख्स की राष्ट्रीयता और उम्र अभी साफ नहीं हुई है। उसे मैनचेस्टर में पुलिस और आपराधिक साक्ष्य अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया. पुलिस ने ग्रेटर मैनचेस्टर, लंदन और स्विंडन में कई ठिकानों पर तलाशी शुरू कर दी है, और जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस, विल्टशायर पुलिस और देशभर के काउंटर-टेररिज्म ऑफिसर्स इस ऑपरेशन में जुटे हैं। पुलिस का कहना है कि ये साजिश एक 'खास जगह' को निशाना बनाने की थी, लेकिन ऑपरेशनल कारणों से उस जगह का नाम नहीं बताया गया। मेट पुलिस ने उस साइट के मालिकों या प्रबंधकों को सूचित कर दिया है और उन्हें सुरक्षा बढ़ाने से जुड़ी सहायता दी जा रही है। सवाल उठता है कि क्या ये कोई सरकारी इमारत थीड़ कोई बड़ा बिजनेस हबड़ या फिर कोई धार्मिक स्थलड़ पुलिस की चुप्पी ने रहस्य को और गहरा कर दिया है। काउंटर-टेररिज्म कमांड के प्रमुख कमांडर ने कहा, ये एक तेजी से चल रही जांच है। हम उस साइट के लोगों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और हर संभावित मकसद की तह तक जा रहे हैं। हम ये भी देख रहे हैं कि क्या जनता के लिए कोई और खतरा है।ईरान का अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ तनाव रहता है। चार ईरानी नागरिकों की गिरफ्तारी ने इस मामले को और संवेदनशील बना दिया है।



वेस्ट बैंक में इजरायली सेनाओं से संघर्ष के दौरान पत्थर फेंकते हुए फिलिस्तीन प्रदर्शनकारी।

# जनरल मुनीर पूर्व पीएम इमरान और उनकी पार्टी को चाहते हैं खत्म करना

## पीटीआई नेता सलमान ने किया खुलासा, शहबाज को बताया कठपुतली

**इस्लामाबाद।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस हमले के पीछे पाकिस्तानी सेना की गहरी साजिश का खुलासा हुआ है। इसमें सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की भारत-विरोधी रणनीति के साथ-साथ पूर्व पीएम इमरान खान को खत्म करने की मंशा नजर आ रही है। जुनून बैंड के सदस्य और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) नेता डॉ सलमान अहमद ने एक इंटरव्यू में जनरल मुनीर की खतरनाक मंशा का खुलासा किया और बताया कि पीएम शहबाज जनरल मुनीर के हाथों की कठपुतली हैं।



अहमद ने कहा कि पहलगाम हमले से ठीक पहले, इस्लामाबाद में प्रवासी पाकिस्तानियों के सम्मेलन में मुनीर ने दो-राष्ट्र सिद्धांत का हवाला देकर भारत के खिलाफ जहर उगला था। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने माना कि हमारा धर्म, रीतियां, परंपराएं, विचार और महत्वाकांक्षाएं अलग हैं। यहीं से दो-राष्ट्र सिद्धांत की नींव पड़ी। मुनीर ने कश्मीर को पाकिस्तान की 'रगों का हिस्सा' बताया था। उन्होंने पाकिस्तानियों से अपने बच्चों को धार्मिक और सांस्कृतिक 'श्रेष्ठता' की कहानियां सिखाने का आह्वान किया था। डॉ सलमान अहमद का मानना है कि यह 'अनावश्यक और सांप्रदायिक विभाजन' वाला भाषण था।

अहमद ने खुलासा किया कि मुनीर असल में इमरान खान और उनकी पार्टी पीटीआई को खत्म करना चाहते हैं। इमरान खान, 2023 से जेल में बंद हैं और पाकिस्तान में बड़ी संख्या में उनके समर्थक हैं। मुनीर ने इमरान खान के खिलाफ 200 से ज्यादा फर्जी मुकदमे दर्ज करवाए और 8 फरवरी 2024 के चुनावों में धांधली की, लेकिन इमरान की लोकप्रियता को खत्म नहीं कर सके। अहमद ने कहा कि मुनीर जल्द ही इमरान और उनके समर्थकों के खिलाफ हिंसा, हत्या, यातना और अपहरण की मुहिम शुरू करने वाले हैं। ये हमले उन लोगों को चुप कराने के लिए होंगे जो मुनीर की अन्यायपूर्ण नीतियों के खिलाफ आवाज उठाते हैं।

# चीन में आया तूफान, नाव पलटने से नौ लोगों की मौत, कई ने तैरकर बचाई जान

बीजिंग। दक्षिण-पश्चिमी चीन के गुइझोउ प्रांत में आए तूफान से वू नदी में चार पर्यटक नाव पलट गईं, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई और एक लापता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रविवार दोपहर में गुइझोउ के एक दर्शनीय स्थल पर तेज हवाओं के कारण यह हादसा हुआ। इस दौरान 80 से ज्यादा लोग नाव से नदी में गिर गए।

रिपोर्ट के मुताबिक दो नावों के पलटने की जानकारी दी गई थी, लेकिन बाद में इस दुर्घटना में कुल चार नाव पलटने की बात कही गई। यह स्पष्ट नहीं है कि अन्य दो नावों पर भी कोई सवार था या नहीं। वू नदी, चीन की सबसे लंबी नदी यांग्त्जी की सहायक नदी है। गुइझोउ की पहाड़ियां और नदियां देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करती हैं, और फिलहाल वहां पांच दिनी राष्ट्रीय अवकाश के चलते भारी संख्या में सैलानी वहां पहुंच रहे हैं।

राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने इस हादसे पर दुख जताते हुए लापता व्यक्ति की तलाश और घायलों के इलाज में हरसंभव प्रयास का आह्वान किया है। सरकार परिवहन क्षेत्र में मौत के मामलों को कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सुरक्षा उपायों के अभाव के चलते छुट्टियों के दौरान हादसों में बढ़ोतरी देखी गई है। दुर्घटना में शामिल दो नावों में लगभग 40-40 लोग सवार थे। नाव में क्षमता से अधिक लोग सवार नहीं थे। एक चश्मदीद ने बताया कि नदी की गहराई ज्यादा थी, लेकिन कुछ लोग तैरकर किनारे तक पहुंच गए। उन्होंने कहा कि तूफान अचानक आया और घना कोहरा फैलने से नदी की सतह दिखाई नहीं दे रही थी।

# सोने की खदान से अपहृत किए गए 13 सुरक्षा गार्ड के शव बरामद

**पेरू।** पेरू में सोने की खदान से अपहृत किए गए 13 सुरक्षा गार्ड के शव बरामद कर लिए हैं। उनकी मौत ऐसे समय में हुई है, जब दक्षिण अमेरिकी देश के खनन उद्योग में हिंसा बढ़ गई है। मीडिया रिपोर्ट में पेरू के गृह मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया कि खोज और बचाव दल ने रविवार को खदान में कर्मचारियों के शव बरामद किए। कंपनी ने उनके अपहरण का आरोप अनौपचारिक खनन कर्मियों पर लगाया, जो कथित तौर पर आपराधिक गिरोहों से जुड़े थे। आरोप है कि इन खनन कर्मियों ने 26 अप्रैल को सोने की खदान पर घात लगाकर हमला किया। आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि उसने इन जघन्य अपराधों के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए विशेष बल तैनात किया है।

## आज का इतिहास 6 मई

1529 बंगाल के शासक नुसरत अली को बाबर ने जबर्दस्त शिकस्त दी.

1576 फ्रांस में पांचवां धर्मयुद्ध समाप्त हुआ.

1589 प्रसिद्ध गायक तानसेन का निधन.

1757 प्रसिया के शासक फ्रेडेरिक द्वितीय की फौजों ने प्राग में रोमन फौजों को शिस्कत दी.

1839 ब्रिटेन की संसद ने जमैका का संविधान निलंबित करने का प्रस्ताव पारित किया.

1856 प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक सिगमंड फ्रायड का जन्म हुआ.

1861 मोतीलाल नेहरू का जन्म हुआ.

1932 फ्रांस के राष्ट्रपति पाल डोमर की हत्या एक रूसी ने की.

1941 जोसेफ स्टालिन वी.एम. मोलोतोव के स्थान पर सोवियत संघ के प्रधानमंत्री बने.

1942 द्वितीय विश्व युद्ध में अमेरिका और फिलीपींस की फौजों ने कारेगिडोर द्वीप पर जापानियों के समक्ष आत्मसमपर्ण किया.

1944 गांधीजी को पुणे के आगा खान पैलेस से रिहा किया गया.

1976 उत्तर,पूर्वी इटली में भूकम्प से एक हजार से अधिक लोग मारे गये.

1995 मुंबई नगरनिगम के उपायुक्त जी.आर.खैरनार को सेवा से बर्खास्त किया गया.

## प्रसंगतः सबसे बड़ी मदद

एक बार बेंजामिन फ्रेंकलिन ने एक धनी व्यक्ति की मेज पर कुछ सिक्के रखते हुए कहा, 'आपने बुरे वक्त में जो सहायता की थी, मैं उसके लिए बहुत आभारी हूं। पर अब मैं अपनी मेहनत से इतना सक्षम हो गया हूं कि आपका कर्ज वापस कर सकूं। मैं यह सिक्के आपको वापस करने आया हूं।' बेंजामिन फ्रेंकलिन की बात सुनकर वह सज्जन उन्हें घूरते हुए बोले, 'क्षमा करिए, पर मैंने आपको पहचाना नहीं। न ही मुझे यह याद है कि मैंने किसी को उधार दिया था।' बेंजामिन ने कहा, 'मैं उन दिनों एक प्रेस में अखबार छापने का काम करता था। एक दिन अचानक मेरी तबीयत खराब हो गई तब मैंने आपसे बीस डॉलर लिए थे।' यह सुनकर उस व्यक्ति ने अपने बीते दिनों को याद किया तो उन्हें स्मरण हो आया कि एक बालक प्रेस में काम करता था और एक दिन उसके बीमार होने पर उन्होंने उसकी मदद की थी। यह याद आने पर उस व्यक्ति ने कहा, 'हां, मुझे याद आ गया। लेकिन दोस्त, यह तो मनुष्य का सहज धर्म है कि वह आपत्तिग्रस्त व्यक्ति की सहायता करे। इन सिक्कों को आप अपने पास ही रखें और कभी कोई जरूरतमंद व्यक्ति आपकी नजरों में आए, तो उसे दे दीजिएगा।' इस बात से बेंजामिन बहुत प्रभावित हुए और उन्हें नमस्कार कर उन सिक्कों को वापस अपने साथ ले आए। इसके बाद उन्होंने एक जरूरतमंद युवक को वे सिक्के दिए। जब उस युवक ने सिक्के लौटने चाहे तो बेंजामिन ने कहा, 'दोस्त, जब तुम सक्षम हो जाओगे तो अपने जैसे किसी जरूरतमंद को ये सिक्के दे देना। मैं समझूंगा कि मेरे पैसे मुझे मिल गए।' वह युवक बोला, 'मैं ऐसा ही करूंगा।' इसके बाद बेंजामिन उस युवक के कंधे पर हाथ रखते हुए बोले, 'किसी जरूरतमंद की वक्त पर मदद करना ही इंसानियत है। अगर हम किसी की मदद करते हैं तो वह मदद सौ गुना अधिक होकर हमारे पास वापस आती है और हमें कामयाब बनाती है।'

## दैनिक पंचांग

**6 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.57 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मिथुन | 07.55 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 10.09 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 12.25 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.37 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.48 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.02 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.18 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.23 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | कुंभ | 01.10 बजे से |
| | | मीन | 02.43 बजे से |
| | | मेष | 04.13 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 126 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** नवमी 08.39 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मघा 15.52 बजे को समाप्त।
**योग** ध्रुव 00.30 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** कौलव 08.39 बजे तदनन्तर तैतिल 21.26 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 08.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 16° 33'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872336
**जूलियन दिन** 2460801.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 07

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, वैशाख शुक्ल पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि नवमी, मंगललवासरे, मघा नक्षत्रे, घरु योग, कौलव करणे, सिंह की चंद्रमा, जातकर्म, वैशाख, श्री जानकी प्रकटोत्सव मूल समाप्ति रात्रि 6.448 रवियोग, समस्त शिक्षा मु. तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, उत्तम शासक-प्रशासक, जिद्दी-हठी, जंगल का व्यापारी, उत्तम वृत्ति वाला, आरा मशीन वाला, ठेकेदार, भूमि-भवन का मालिक, बिल्डिंग बनाने वाला, आरकेटेक्चर होगा।




मेष राशिः बेचैनी, उद्विघ्नता से बचिये, समय पर सोचे कार्य अवश्य ही बन जायें।

वृष राशिः चिन्ताऐं कम हों, सफलता के साधन जुटायें, अचानक लाभ के योग अवश्य बनेंगे।

मिथुन राशिः परिश्रम विफल हो, चिन्ता व यात्रा, व्यग्रता तथा स्वास्थ्य नरम होगा।

कर्क राशिः व्यर्थ धन का व्यय हो, समय व शांति नष्ट होवे, विघटनकारी तत्व परेशान करें।

सिंह राशिः ऐश्वर्य, स्वास्थ्य नरम रहे, विरोधी वर्ग अवश्य ही आपको परेशान करे, ध्यान दें।

कन्या राशिः परिश्रम से सफलता के साधन अवश्य जुटायें, कार्य बाधा, कार्य अवश्य होंगे।

तुला राशिः परिश्रम, चोट आदि से बचिये, भाग्य का सितारा ब?ा ही प्रबल हो।

वृश्चिक राशिः चोट आदि से बचिये, भाग्य का सितारा प्रबल होगा, ध्यान दें स्वास्थ्य नरम होगा।

धनु राशिः क्लेश व अशांति से बचिये, मानसिक उद्विघ्नता होगी, ध्यान अवश्य दें।

मकर राशिः परिश्रम विफल होगा, चिन्ता व यात्रा, व्याग्रता तथा स्वास्थ्य नरम होगा।

कुंभ राशिः आकस्मिक घटना से चोट आदि का भय होगा, समय का ध्यान दें।

मीन राशिः अधिकारियों से कष्ट, इष्ट मित्र सहायक न होवें, समय का ध्यान अवश्य दें।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# इजरायली एयरपोर्ट पर धमाके के बाद नेतन्याहू ने कहा- अब धमाके ही धमाके

**तेल अवीव।** इजरायल और हमास के बीच लंबे समय से युद्ध चल रहा है। इसी बीच बीते रोज तेल अवीव के एयर पोर्ट पर एक जबरदस्त धमाका हो गया। इस धमाके से भड़के इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ शब्दों में कह दिया कि अभी धमाका हुआ अब धमाके ही धमाके होंगे। उन्होंने यमन के हूतियों को खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि एक नहीं, बल्कि कई धमाके होंगे। रविवार को यमन के ईरान समर्थित विद्रोहियों ने इजरायल के मुख्य अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास मिसाइल से हमला कर दिया था, जिससे कुछ समय के लिए एयरपोर्ट पर विमानों की आवाजाही प्रभावित रही।

विद्रोहियों द्वारा दागी गई मिसाइल के बाद तेल अवीव एयरपोर्ट के पास एक गहरा गड्ढा बन गया। मिसाइल गिरते ही तुरंत चारों ओर धुएं का गुबार उठने लगा, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। गाजा में युद्ध के दौरान फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हूती पूरे इजरायल पर हमला कर रहे हैं। बेन-गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमला इज़रायली कैबिनेट मंत्रियों द्वारा गाजा पट्टी में सैन्य अभियान तेज करने के बारे में मतदान करने से कुछ घंटे पहले हुआ। अधिकारियों ने कहा कि सेना ने व्यापक अभियान में हजारों रिजर्व सैनिकों को बुलाना शुरू कर दिया है।

हमले के बाद इजरायली सेना ने कहा कि यमन से लॉन्च की गई मिसाइल को रोकने के कई प्रयास किए गए, लेकिन यह एक दुर्लभ हूती हमला था जिसने इजराइल की हवाई सुरक्षा को भेद दिया। एक अधिकारी ने बताया कि देश की सुरक्षा कैबिनेट शाम को बैठक करेगी। पुलिस के एक वीडियो में अधिकारियों को जमीन में एक गहरे गड्ढे के किनारे खड़े दिखाया गया है, जिसके पीछे नियंत्रण टॉवर दिखाई दे रहा है। एयरपोर्ट के बुनियादी ढांचे को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।इस हमले के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यमन के हूतियों के खिलाफ बहु-चरणीय हमलों का वादा किया। नेतन्याहू ने टेलीग्राम मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो में कहा, हमने अतीत में उनके खिलाफ कार्रवाई की है।

# बांग्लादेश में महिला अधिकार को लेकर मचा बवाल, यूनुस सरकार को चेतावनी

**ढाका।** अब बांग्लादेश कट्टरपंथ के रास्ते पर है। जिस तरह तालिबान अफगानिस्तान को चलाता है, वैसे ही बांग्लादेश में हालात नजर आ रहे हैं। ढाका में बांग्लादेश के कट्टरपंथी इस्लामी समूह 'हिफाजत-ए-इस्लाम' ने हजारों समर्थकों के साथ एक रैली की इसका मकसद मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के महिला मामलों के सुधार आयोग को ठेंगा दिखाना था। ऐसा इसलिए क्योंकि उनका मानना है कि महिला मामलों के सुधार आयोग की ड्राफ्ट सिफारिशें इस्लामी आस्था के खिलाफ हैं। 'हिफाजत-ए-इस्लाम' मुख्य रूप से गैर-सरकारी मदरसा या धार्मिक पाठशालाओं के शिक्षकों और छात्रों का एक मंच है। बांग्लादेश में इसे एक प्रभावशाली समूह माना जाता है। पिछले साल तख्तापलट के बाद धार्मिक उन्माद बढ़ा है। हिफाजत-ए-इस्लाम ने आयोग की उन सिफारिशों पर निशाना साधा, जो मुस्लिम महिलाओं को संपत्ति और अन्य अधिकारों में बराबरी का हक देती हैं। रैली में संगठन के बड़े नेता मौलाना महफुजुल हक ने 12 सूत्री मांगों को रखा, जिसमें पहली मांग मौजूदा महिला सुधार आयोग को समाप्त करना और इस्लामी विद्वानों और महिला प्रतिनिधियों वाला एक नया आयोग गठित करना था। एक और नेता ने आयोग के सदस्यों को सजा देने की मांग रख दी। क्योंकि उनके हिसाब से विरासत के धार्मिक कानूनों को पुरुषों और महिलाओं के बीच असमानता का मुख्य कारण बताकर देश के बहुसंख्यक लोगों की भावनाओं' को ठेस पहुंचाई गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### शोभायात्रा में सहयोग के प्रति किया आभार व्यक्त



**मैहर।** विगत दिनों भगवान परशुराम का जन्मोत्सव सीताबल्लभ शरण जू महाराज महन्त बड़ा अखाड़ा के सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया। उत्सव भारतीय ब्राह्मण कल्याण महासंघ मैहर के संयोजन मे सम्पन्न हुआ। इस उत्सव में जिले के वरेण्य सन्तों, ब्राह्मण समाज के सभी वरिष्ठ और कनिष्ठजनों एवं मातृ शक्ति का सहयोग प्राप्त हुआ। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों, सनातन प्रेमियों, व्यापारी भाइयों एवं मीडिया ने इस उत्सव की क्रिया विधि को अपनी लेखनी से सजाकर जनजन तक पहुंचाया। उत्सव में शामिल झांकियां, सन्त तथा प्रतिभा सम्मान आकर्षक और यादगार रहे। शोभायात्रा के संयोजक राजललन मिश्र एवं ब्राम्हण समाज के जिला अध्यक्ष देवेंद्र पांडेय ने अपनी पूरी टीम के साथ सभी सहयोगी जनों के प्रति कृतज्ञता एवं आभार व्यक्त किया है। तथा सभी आत्मीय जनों से भविष्य में इसी तरह का सहयोग देने का अनुरोध किया है।

### सीताबाबली में पुलिस चौकी खोलने एवं शमशान घाट की भूमि का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने की मांग

**दमोह।** युवा अहिरवार समाज बजरिया वार्ड 8 के निवासियों ने दमोह कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि आए दिन असामाजिक तत्त्वों के द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटैल स्कूल की छात्राओं के साथ छेड़ छाड़ की जाती है एवं यहां पर गैर कानूनी कार्य भी किया जाता है एवं गौ तस्करी भी की जाती है। जिससे यहां का महौल खराब बना रहता है और यहां के लोगो को कई प्रकार की पेरशानियों सामना करना पड़ता है एवं शमशान घाट की जमीन पर भी असामाजिक तत्वों के द्वारा अतिक्रमण किया गया है जिससे शमशान घाट की जमीन कम होती जा रही है। ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि सीताबावली बजारिया वार्ड नं. 8 दमोह में बना न्यू मत्स्यालय मार्केट में पुलिस चौकी खोलने एवं शमशान घाट की भूमी का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाया जाएं।

### 33 केवी लाइन पर पेड़ गिरा, दमोह जबलपुर हाईवे एक घंटे रहा बंद

**दमोह।** जिले की अंतिम सीमा के ग्राम गुबरा में दमोह जबलपुर नेशनल हाईवे पर नीलगिरी का पेड़ 33 केवी लाइन पर गिरने से जाम की स्थिति निर्मित हो गई और सैकड़ों वाहनों सहित एम्बुलेंस जाम में फंस गई लेकिन जाम हटवाने के लिए जब विद्युत विभाग एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी नहीं पहुंचे तो स्थानीय लोगों की मदद से पेड़ कटवाकर ट्रैक्टरों के द्वारा सड़क से अलग किया गया तब कहीं जाकर जाम खुला है बताया जाता है 33 केवी लाइन पेड़ पर गिरने के बाद भी चालू रही लेकिन बिजली कंपनी के अधिकारियों द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया गया गनी मत रही की कोई बड़ा हादसा घटित नहीं हुआ।

### स्थाई कर्मी ने पांच सूत्री मांगों का सौपा ज्ञापन

**दमोह।** प्रांतीय निकाय की आह्वान पर स्थाई कर्मियों एवं अनियमित कर्मचारियों की 05 सूत्री मांगों का शीघ्र निराकरण करने संघ के जिला अध्यक्ष बबलू ठाकुर की नेतृत्व में स्थान स्थानी विधायक जयंत मलैया को ज्ञापन सौपा गया। जिसमें प्रमुख सप से स्थाई स्थाई कर्मचारी को रिक्त पदों पर निर्मितिकरण किया जा जाए सातवां वेतनमान अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करें सभी सुविधाएं दी जावे। विनियमीतीकरण योजना अंतर्गत दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को कर्मि को स्थाई कर्मी बनाया जाए। वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा एवं रखरखाव मैं कार्यरत वन सुरक्षा श्रमिकों को श्रमायुक्त द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतनमान दिया जाए एवं सुरक्षा श्रमिकों वरिष्ठता, सूची जारी की जाएं। अंशकालिन कर्मचारियों को पूर्ण कालिक कर्मचारियों की श्रेणी में प्रधान कर श्रम नियमों के अनुसार सुविधा दी जाएं। महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्य स्थाई कर्मियों एवं अनियमित संविदा पर्यवेक्षको वरिष्ठता का लाभ देते हुए चयन प्रक्रिया अपना नियमितिकरण किया जाए उक्त मांगों का ज्ञापन सौंपने पर माननीय जयंत मलैया विधायक दमोह द्वारा शासन को अवगत करने का आश्वासन दिया गया। ज्ञापन सौंपने वालो में मुकेश तिवारी, दुर्जन लाल विश्वकर्मा, रानू यादव, मनोज चौबे, मनोज रैकवार, तीरथ ठाकुर, बैजनाथ साहू, गोविंद ठाकुर, हीरालाल यादव, लखन रैकवार एवं समस्त कर्मचारी उपस्थिति रही।

# श्री देव जागेश्वरनाथ कारीडोर भूमिपूजन की तैयारियों के संबंध में भाजपा कार्यालय में बैठक संपन्न




**दमोह।** भगवान श्रीदेव जागेश्वरनाथ कारीडोर भूमिपूजन की तैयारियों के संबंध में जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कि गई, जिसमें अतिथि के रूप में संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह, पूर्व वित्तमंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया, दमोह सांसद राहुल सिंह, हटा विधायक उमा देवी खटीक, जिला महामंत्री गोपाल पटेल, सतीश तिवारी उपस्थित रहें। जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने बैठक में कहा कि भाजपा हमेशा समाज हित के कार्य करती हैं, बांदकपुर में लाखों भक्त प्रतिमाह भोलेनाथ के दर्शन करने आते है, जिससे कॉरिडोर के निर्माण से सभी भक्तों को होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। आस्था के केंद्र में भगवान जागेश्वरनाथ दर्शन सभी के लिए सुलभ हो जाएंगे। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि मेरी बचपन से ही बांदकपुर के श्रीजागेश्वरनाथ पर गहरी आस्था है और यह भोलेनाथ की ही कृपा है कि मुझे संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास (स्वतंत्र प्रभार) का राज्यमंत्री बनाया गया, मैने मंत्री बनते ही अपनी पहली बैठक में ही बांदकपुर में कॉरिडोर बनाए जाने पर चर्चा की, और इसी को मूर्त रूप देने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 9 मई को भूमिपूजन के लिए आ रहे हैं, यह आयोजन दिव्य और भव्य होगा और हम सब गौरवान्वित होगे। पूर्व वित्तमंत्री विधायक जयंत मलैया ने कहा कि अधिकतर जनहित के कार्य मेरे मंत्री रहते करने का प्रयास किया, धर्म के क्षेत्र में जैसे काशी विश्वनाथ, महाकाल लोक कॉरिडोर, राम मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र है उसी तरह हम सब की आस्था का केंद्र जागेश्वर धाम कॉरिडोर बने यह मैने विधानसभा चुनाव के दौरान भक्तों से वादा किया था और भोलेनाथ ने इस कार्य को दमोह जिले के जबेरा विधायक को इसी विभाग का मंत्री बनाकर साकार करवा दिया। सांसद राहुल सिंह ने कहा कि जागेश्वरधाम में कॉरिडोर के निर्माण से धर्म के साथ आर्थिक समृद्धि के सेतु का काम करेगा, इसके निर्माण से देव श्री जागेश्वरनाथ लोक के नाथ के रूप में जाने जायेगे। संचालन जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी ने और आभार जिला उपाध्यक्ष संजय सेन ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष रमन खत्री, अमित बजाज जिला मंत्री संजय यादव, अरविंद उपाध्याय, कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, उत्तम सिंह, अर्चना जैन, ब्रजेश दुबे, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, सह प्रभारी महेन्द्र जैन, महिला मोर्चा अध्यक्ष शिखा जैन, किसान मोर्चा अध्यक्ष हरिश्चंद पटेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस जैन, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष गणेश जाटव, अल्प संख्यक मोर्चा अध्यक्ष सादिक रिजवी, रिंकू गोस्वामी, संदीप शर्मा, पार्षद कपिल सोनी, यशपाल ठाकुर, अमित त्यागी, बाल कृष्ण यादव, संगीता सतीश जैन, सभी मंडल अध्यक्ष गण, प्रकोष्ठ संयोजक, सहित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

# निर्मल गंगा जन अभियान तहत गायत्री परिवार ने किया श्रमदान



**दमोह।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चलाए जा रहे निर्मल गंगाजन अभियान के अंतर्गत भारतवर्ष कि प्रत्येक जिले में तहसील में एवं ग्रामीण स्तर पर जहां-जहां गायत्री परिवार के केंद्र एवं शाखाएं प्रज्ञा मंडल महिला मंडल युवा मंडल बने हुए हैं उन सभी जगह गंगा सप्तमी के अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्थानीय जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण हेतु सामूहिक श्रमदान का आयोजन किया गया। इसी अवसर पर गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ द्वारा आज पुराना तला स्थित की सफाई का कार्यक्रम रखा गया जिसमें गायत्री परिवार के परिजन श्री प्रदीप खरे श्री पुनीत मिश्रा श्री एच आर राय श्री सुरेश नामदेव श्री अमिताभ श्रीवास्तव श्री राघवेंद्र नेमा श्री भूपेंद्र तिवारी श्री मधुर असाटी श्री मयंक कटारी डॉक्टर श्रीवास्तव जी श्री प्रखर गर्ग श्री अनुज गुप्ता श्री आशी गुप्ता श्री रोहित पटेल आदि युवा परिजनों ने श्रमदान कर पुराना तला को पूरा साफकर दिया। स्वच्छता के बारे में भूपेंद्र तिवारी ने सभी को स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा की अपनी पूजा सामग्री जिसमें फूल अगरबत्ती हवन भस्म आदि को जल स्त्रोतों में प्रवाहित ना करके किसी खेत में गड्ढा करके उसमें डाल दें ताकि वह बची हुई पूजन सामग्री खाद बन जाए और हमारे जल स्त्रोत शुद्ध रह सके।

# दमोह जबलपुर रोड पर अनियंत्रित ट्रक ट्रैक्टर से टकराया, दो की मौत




**दमोह।** दमोह जबलपुर हाईवे पर एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद मृतको के शव ट्रक के नीचे फसे रह गए। इस दौरान ट्रक का पिछला हिस्सा सड़क किनारे होने तथा ग्रामीणों द्वारा ट्रैक्टर ट्राली सड़क पर खड़ी कर दिए जाने से दमोह जबलपुर रोड पर कई घंटे तक जाम के हालात बने रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह जबलपुर से दमोह की तरफआ रहा लोडेड हैवी दस चका ट्रक ने नोहटा थाना अंतर्गत सड़क हरदुआ के पास एक ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। ट्रक की रफ्तार तेज होने और रॉन्ग साइड से अचानक ट्रैक्टर के आ जाने से पलक झपकते हुए इस हादसे में ट्रैक्टर के पलटते देर नहीं लगी। वही दो लोग तक उछलकर ट्रक के अगले पहियों के नीचे आकर काल कल्वित हो गए। हादसे की खबर लगते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। दो लोगों के ट्रक के पहियों के नीचे दबा हुआ मृत अवस्था में देखकर ग्रामीणों का गुस्सा भड़कते देर नही लगी। सड़क पर ईट से भरी ट्रैक्टर ट्राली को खड़ा कर दिया गया। जिससे दमोह जबलपुर रोड पर जाम के हालात निर्मित हो गए और दोनों तरफवाहनों की कतार लग गई। घटना की सूचना लगने पर नोहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा तेंदूखेड़ा एसडीएम एवं एसडीओपी को भी सूचना दी गई। जिनके द्वारा क्रेन बुलवाकर ट्रक के नीचे दबे लोगों को निकलवाया गया। इस दौरान सड़क पर कई घंटे तक ग्रामीणों की भीड़ प्रदर्शन करती रही तथा जाम के हालात बने रहे।

दमोह तरफ से आने वाले वाहनों को अभाना से तेजगढ़ मार्ग पर डायवर्ट किया गया वही जवेरा तरफसे आने वाले वाहनों को मॉडनखेड़ा तेजगढ़ मार्ग से निकल गया। दोनों मृतकों की पहचान तुलसीराम चक्रवर्ती के पुत्र धीरेंद्र 45 वर्ष एवं रोशन 19 वर्ष के रूप में हुई है। जिनके शवो को जबेरा मैं पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में कलेक्टर सुधीर कोचर का कहना है कि मृतको के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए कार्यवाही की जा रही है। हादसे के संदर्भ में कलेक्टर का कहना है कि बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित ट्रक सामने से आ रहे ट्रैक्टर को टक्कर मारते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गया इसी दौरान दो लोगों की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

# भारतीय किसान यूनियन ने समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन



**मैहर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत मैहर द्वारा सोमवार को अपर कलेक्टर मैहर को किसानों की समस्याओं का निराकरण हेतु ज्ञापन दिया गया। विगत 31 जनवरी को 4 सूत्रीय ज्ञापन कलेक्टर मैहर को दिया गया था जिसमें रिलायंस कम्पनी के माइंस द्वारा किसानों के खेतों में जल भराव एवं ब्लासि्ंटग से किसानों के घरों में दरारें पड़ गई हैं वह छतो से पानी रिसाव होने लगा है जिन किसानों की जमीन कंपनी द्वारा खरीदी गई है उनके आश्रितों को नौकरी देने का आश्वासन दिया गया था लेकिन आज तक नौकरी नहीं दी गई। माइंस एरिया से लगे हुए खेतों में कंपनी द्वारा कृषि कार्य नहीं करने दिया जाता है। प्रभावित किसानों से मारपीट की जाती है उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक 30 अप्रैल को शिव पार्क मैहर में आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष रामसिंह द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि रिलायंस सीमेंट फैक्ट्री भरौली माइंस एरिया सढ़ेरा के किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। शासन प्रशासन कंपनी के दबाव में किसानों के हितों की अनदेखी कर रहा है। भारतीय किसान यूनियन मैहर द्वारा निर्णय लिया गया कि 5 मई को स्मरण पत्र के साथ ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान 15 दिवस के अंदर यदि नहीं किया जाता तो किसानों के हितो की रक्षा हेतु भारतीय किसान यूनियन उग्र आंदोलन करेगा जिसमें आंदोलन में किसी प्रकार की क्षति किसानों के ऊपर होगी उसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रामसिंह, तहसील अध्यक्ष अयोध्या सिंह, रामचरण रजक, चंद्रशेखर पटेल, ईश्वरदीन सिंह, बाल्मीक पटेल, जगतधारी विश्वकर्मा, महेंद्र सिंह, रामजियावन सिंह, लालमन सिंह, लोकमानी कुशवाहा, दयाराम कुशवाहा एवं संजय पटेल आदि उपस्थित रहे।

# नौ दिवसीय श्रीराम कथा की निकली भव्य शोभायात्रा



**मैहर।** मां शारदादेवी की असीम कृपा से नव दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन आचार्य आदर्श कृष्ण शास्त्री के अमृतमई वचनो से भव्य शोभा यात्रा कामता प्रसाद मिश्र के निवास ग्राम पिपरा कला में निकली गई। जिसमें मां शारदा पीठ के प्रधान पुजारी पवन महाराज, डॉ. कैलाश जैन, धर्मेश घई, सुरेश तिवारी, जयंती तिवारी, शंखधर पयासी, टीआर बाजपेई, नीरज गर्ग, पीएल द्विवेदी, चूड़ामणि बढ़ोलिया, विजय मिश्रा, ऋषिकेश पांडे, मनोज शुक्ला, शिवेंद्र मिश्रा, रविंद्र मिश्रा, अरुण तनय मिश्रा, राजेंद्र शर्मा, मनोज शर्मा, राजेश शर्मा एवं रमेश शर्मा सहित काफी भक्तजन उपस्थित रहे।

# किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारबिंद से संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण का शुभारंभ



**दमोह।** किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारविंद से जमुनिया हजारी शिव हनुमान मंदिर में आज कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान कलश यात्रा के साथ 05 मई से 12 मई तक शाम 4:00 बजे से हरि इच्छा तक कथा होगी । शास्त्रों में कलश दर्शन को देव दर्शन के समकक्ष माना गया है। कलश स्थापना के समय जिन श्लोकों का उच्चारण और जो भावना व्यक्त की जाती है, उसी से स्पष्ट हो जाता है कि कलश क्यों मंगलसूचक है। श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा।विधि विधान से पंडितों द्वारा भक्तजानो ने पूजन किया कलश की स्थापना की गई। भागवत कथा के प्रथम दिवस कथा श्रीमद् भागवत महात्म्य कथा एवं श्री शुकदेव आगमन, नारदजी की कथा, राजा परिक्षित को श्राप तथा विदुर कथा से वातावरण भक्ति मे सराबोर हो गया। उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा का संक्षेप में श्रोताओं को सार बताते हुए कहा कि मनुष्य के जन्म जन्मांतर के पुण्यों का उदय होने पर ही श्रीमद् भागवत जैसी भगवान की दिव्य कथा श्रवण का सौभाग्य मिलता है। भागवत रूपी गंगा की धारा पवित्र और निर्मल है जो पापियों को भी तार देती है। आप सभी से श्रीमती ममता बालमुकुंद तिवारी एवं समस्त तिवारी परिवार ने कथा श्रवण करने की अपील की है दमोह जिले के समस्त धर्म प्रेमी जन कलश यात्रा में एवं कथा श्रवण करने जरूर पधारे।


# विश्वविद्यालय-महिलाओं के बौद्धिक विकास पर केंद्रित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय की वूमेन लीड डेवलपमेंट कमेटी (डब्लूएलडीसी) के तत्वावधान में रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास में 'महिलाओं पर, महिलाओं के लिए, महिलाओं द्वारा,' विषय पर एक ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं डब्लूएलडीसी की चेयरपर्सन प्रो. वंदना सोनी के संयोजन में आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रितु यादव (मुख्य प्रतिपालिका, बालिका छात्रावास एवं सदस्य, डब्लूएलडीसी) ने की. संयोजन डॉ. शालिनी चौथीरानी (सदस्य, डब्लूएलडीसी) और डॉ. शिवानी खरे (सदस्य, डब्लूएलडीसी एवं मैस एवं रखरखाव प्रतिपालिका, रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास) के द्वारा किया गया. इस प्रतियोगिता में रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास, निवेदिता छात्रावास और सरस्वती छात्रावास की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. चार टीमों (प्रत्येक में तीन सदस्य) के बीच हुए इस ज्ञानपूर्ण प्रतिस्पर्धा में टीम सी (रानी कुमारी, अनुष्का सिंह, अंजू कपाड़िया) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि टीम बी (अनुराधा रानी, अवन्ति, शिखा त्रिपाठी) और टीम डी को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ. पुरस्कार वितरण समारोह में डॉ. वंदना राजोरिया (प्रतिपालिका, रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास), डॉ. सुषमा यादव (प्रतिपालिका, निवेदिता छात्रावास) और डॉ. श्वेता शर्मा (मैस एवं रखरखाव प्रतिपालिका, निवेदिता छात्रावास) सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया. डब्लूएलडीसी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं के बौद्धिक विकास और सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देना है।

# धामोनी वाले बाबा के तीन दिवसीय उर्स की तैयारियां अंतिम दौर में

### 09 से 11 मई तक सम्पन्न होगा सालाना उर्स।



**सागर।** सर्वधर्म,कौमी एकता के प्रतीक हजरत सैयद मोहम्मद इशहाक वली शामी उर्फ बाबा बालजती शाह रह.अलैह धामोनी वाले बाबा का तीन दिवसीय सालाना उर्स 09 मई से 11 मई तक सम्पन्न होगा। बाबा के सालाना उर्स की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। दरगाह प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष काजी खान बहादुर ने बताया कि धामोनी वालें बाबा के सालाना उर्स की शुरुआत 09 मई शुक्रवार को वाद नमाज जुमा संदली चादर के साथ होगी तथा बाद नमाज इशा मीलाद शरीफ होगी।10 मई दिन शनिवार को कब्बाली प्रोग्राम के उद्घाटन उपरान्त हिंदुस्तान के मशहूर कब्बाल नईम साबरी कब्बाल पार्टी और नुसरत खानम कब्बाला पार्टी के बीच तथा 11 मई रविवार को रईस अनीश साबरी कब्बाल पार्टी और मीना नाज कब्बाला पार्टी के बीच तमाम रात कव्वालियों का मुकाबला होगा। बाबा के उर्स में दूर दूर से श्रद्धालु अपनी मन्नतें लेकर आते हैं।उर्स आयोजन को लेकर दरगाह प्रबंध कमेटी द्वारा उर्स की व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेवारी सौंपी गई है। जिसमें दरगाह सजावट,संदली चादर व्यवस्था,बाजार व्यवस्था,स्टेज व्यवस्था, टेन्ट,साउण्ड, डेकोरेशन व्यवस्था, देग- प्रसाद वितरण और साफ सफाई व्यवस्था आदि कार्यों को लेकर बनाये गये प्रभारी बनाए गए हैं।

» न्यूज कैप्सूल »

## पेयजल योजना में लापरवाही बरतने वाली 3 एजेंसियों पर 1.12 लाख रुपए का लगाया अर्थदंड

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बताया कि जल जीवन मिशन की पेयजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान यह पाया गया है कि 3 निर्माण एजेंसियों द्वारा बार बार के निर्देशों के बावजूद कार्य में संतोष जनक प्रगति नहीं लाई गई। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत पेयजल योजना संबंधी कार्य समय सीमा में पूर्ण न करने पर कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा तीनों निर्माण एजेंसियों पर कुल 1 लाख 12 हजार 375 रुपए अर्थदंड लगाने की कार्यवाही की गई है। जिन निर्माण एजेंसियों पर अर्थदंड लगाने की कार्रवाई की गई है उनमे मेसर्स अजय गर्ग पर 36360, रुपए, मेसर्स आर एस चौहान पर 48160 रुपए और मेसर्स पार्थ इंजीनियरिंग पर 27855 रुपए पेनाल्टी लगाई गई है।

## कटनी नदी में मोटर पम्प लगाने वालों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही

### तीन मोटर पंप किए जब्त



**कटनी।** नगर निगम कटनी द्वारा कटनी नदी में लगाये जा रहे मोटर पम्पों से पानी खींचने वालों पर निरंतर मोटर पंप जब्त करने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 4 मई को 3 किसान नरेंद्र तिवारी,सुभाष यादव,गेंदलाल यादव ग्राम घिनौची द्वारा मोटर पंप लगाकर पानी खींचने पर निगम द्वारा तीन मोटर पंप जब्त किए गए है। इसके पूर्व शुक्रवार 2 मई को निगम द्वारा दो किसानों पर कार्यवाही करते हुए दो मोटर पम्प जब्त किए गए थे।

विदित हो कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत कटनी जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करते हुए सार्वजनिक जलस्रोतों का पेयजल के अलावा उपयोग करने पर रोक लगाते हुए आदेश जारी किया है एवं जारी आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश दिए हैं। उक्त निर्देशों के परिपालन में नगर निगम कटनी द्वारा कटनी नदी में लगाये जा रहे मोटर पम्पों को जब्त करने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है।

## नामी क्रिकेट सटोरियों के ठिकानों पर पुलिस की दबिश



**कटनी।** आईपीएल मुकाबलों के चलते क्रिकेट के सटोरिए जमकर दांव लगा रहे हैं। कटनी में जो रैकेट काम कर रहा है उसके कनेक्शन इंदौर, नागपुर से होते हुए दुबई तक फैले हैं। इस सिंडिकेट को तोड़ने के लिए कटनी पुलिस कई बार ताकत लगा चुकी लेकिन इस खेल के मुख्य किरदारों तक उसकी पहुंच और पकड़ नहीं हो पा रही। चर्चा तो यहां तक है कि बड़े बुकीज को पुलिस का ही संरक्षण है। पुलिस छोटे मोटे सटोरियों पर एक्शन लेकर अपनी पीठ थपथपाती रहती है लेकिन बड़े नाम बेखौफ रहकर अपना गोरखधंधा संचालित करते रहते हैं। गत दिवस माधवनगर पुलिस ने मुखबिरों से मिले इनपुट्स के आधार पर अनेक ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन बड़े नाम उसकी पकड़ में नहीं आ सके। सूत्र बता रहे हैं कि दुबई कनेक्शन वाले बुकीज अंडरग्राउंड हो चुके हैं। बाहर रहकर अपना नेटवर्क ऑपरेट कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक माधवनगर पुलिस ने रविवार रात कई ठिकानों पर पड़ताल की। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने पुलिस बल के साथ रिकॉर्डशुदा सटोरियों के ठिकानों पर दबिश दी। कुछ संदिग्ध लोगों के नाम सामने आने पर इनसे पूछताछ भी की गई। आईपीएल मुकाबले के दौरान क्रिकेट के सटोरियों के ठिकानों पर पुलिस की सक्रियता से हड़कंप की स्थिति बनी रही। माधवनगर पुलिस का कहना है कि लगातार संदेही सटोरियों के ठिकानों पर उनको तलाश किया जा रहा है। साक्ष्य मिलते ही उनके खिलाफ में वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# रिश्वत लेते पकड़ाए सीएमओ सांवरे को लोकायुक्त की कार्रवाई के चलते हटाया

**हरदा।** खिरकिया नगर परिषद में लोकायुक्त की कार्रवाई के चलते सुरेश वेलिया संयुक्त संचालक नर्मदा पुरम विकास विभाग द्वारा सीएमओ ए आर सांवरे को हटा दिया है उनकी जगह सिराली सीएमओ राहुल शर्मा को प्रभार दिया गया

क्या था मामला खिरकिया नगरपरिषद के सीएमओ आत्माराम सांवरे को लोकायुक्त पुलिस ने मकान की अनुमति अटकाने के मामले में मंगलवार को 5 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों पकड़ा था। अब शिकायतकर्ता भगवानदास सेन ने आयुक्त नगरीय प्रशासन और कलेक्टर सिद्धार्थ जैन से लिखित शिकायत कर जांच की मांग की है। मालूम हो कि शिकायतकर्ता भगवानदास सेन ने शिकायत पर ही




लोकायुक्त पुलिस ने सीएमओ सांवरे को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों पकड़ा था। सेन ने बताया कि साल 2017-18 में खिरकिया सीएमओ रहते हुए सांवरे ने पौधों की खरीदी में आर्थिक गड़बड़ी की थी। यह मामला कोर्ट में चल रहा है। वहीं सिराली और खिरकिया में सीएमओ रहते हुए सांवरे ने अपने भतीजे, भांजे, और बेटे को नियमों के खिलाफ नौकरी पर रखा। इन मामले की जांच कर कार्रवाई की जाए। वहीं पीएम आवास योजना के अधूरे कामों के बावजूद कर्मचारियों पर दबाव बनाकर राशि उनके खातों में जमा कराई गई। मांग की कि सांवरे के सीएमओ बनने के बाद से अब तक के लेनदेन, भुगतान, संपत्ति, सेवा अभिलेख और खरीदी की जांच कराई जाए। वहीं मामले में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि सांवरे की शिकायत मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है।

## महिला को दी जान से मारने की धमकी दिया पुलिस थाने में आवेदन

**पिपरिया।** नगर के टॉबर मोहल्ला निवासी एक महिला ने मकान खरीदने की एवज में रविकांत विश्वकर्मा को बयाना राशि दी थी जिसको वापिस लेने महिला रविकांत विश्वकर्मा के घर गई तो उसने महिला को जान से मारने एवं जातिसूचक गाली दी। जिसके संबंध में महिला कृपाबाई ने एक शिकायती आवेदन देते हुए कहा कि मैं कृपा बाई करोसिया पति राजेश करोसिया निवासी लोहिया वार्ड पटैल कॉलोनी में किराए के मकान में अपने पति एवं अपनी पुत्री के साथ निवास करती हूं। मैंने दिनांक 6 फरवरी 2025 को रविकांत विश्वकर्मा टॉवर मोहल्ला एवं प्रद्युम्य विश्वकर्मा टॉवर मोहल्ला को उनका मकान लेने के उद्देश्य से 2 लाख रूपये बयाने के रूप में दिए थे एवं उनसे बात हुई थी बाकी कि रकम व्यवस्था होने पर दे दी जावेगी और यदि व्यवस्था न हुई तो बयाना वापस कर दिया जाएगा। मेरे पति को पैरालाईज है। जो चलनें में अस्मर्थ हैं उनकी तबीयत खराब होने के कारण इलाज में काफी पैसा खर्च हो गया इस कारण हम बाकी की रकम देकर मकान लेने में अस्मर्थ हो गए हमने कई बार रविकांत विश्वकर्मा को फोन करके बयाना वापस करने का आग्रह किया जो हमेशा दो चार दिन की बोलकर टालता रहा। दिनांक 4 मई 2025 में इनके घर गई एवं अपने पैसों की मांग कि भैया आप रोज दो चार दिन की कह रहे हो मेरे पति की तबियत खराब है उनके इलाज में और पैसा लग रहा है। आप मेरा पैसा वापस लौटा दीजिए इस पर रविकांत विश्वकर्मा एवं उनके पिता प्रधुम्य विश्वकर्मा तथा उनकी बहू जिनका नाम मुझे नहीं पता उन्होने मुझे गालियां दी एवं जातिसूचक गालिया देते हुए कहा कि तुम्हारी कोर्ट में कोई नही सुनेगा न कोई थाने में सुनाई होगी चले जाओ जहां जाना है। हम बिहार से 2 लोग बुलायेंगे जो तुम्हे मार देंगे और कोई कुछ नहीं कर पाएगा। तुम्हारे साथ है ही कौन तुम्हारा विकलांग पति और एक लड़की चले जाओ जहां जाना है। तुम्हारे दो लाख खाकर पचास हजार खर्च करके तुम्हे गोली मरवा देंगे। इस डर के कारण मैं और मेरा पति एवं मेरी पुत्री डरे हुए है। हम घर से भी नहीं निकल पा रहे हैं एवं मेरा पूरा परिवार कॉफी डर में हैं एवं इनसे हमें जान का खतरा है। यदि मेरे परिवार में किसी को भी कुछ होता है तो इसके जिम्मेदार रविकांत विश्वकर्मा एवं प्रघुम्य विश्वकर्मा एवं इनकी बहू होगी। अतः इन तीनों के खिलाफ उचित कार्यवाही करें। स्टेशन रोड थाना प्रभारी विजय सनस ने बताया कि एक महिला ने आवेदन दिया है।

## कटनी होकर चलेगी अहमदाबाद-दानापुर समर स्पेशल ट्रेन

**कटनी।** रेल प्रशासन द्वारा समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 09407/09408 अहमदाबाद-दानापुर-अहमदाबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 7-7 ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है।

इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के संत हिरदाराम नगर, बीना, सागर, दमोह, कटनी-मुड़वारा एवं सतना स्टेशनों से होकर गंतव्य को जाएगी। 09407 अहमदाबाददानापुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 6 मई से 17 जून तक प्रत्येक मंगलवार को अहमदाबाद स्टेशन से सुबह 9.20 बजे प्रस्थान कर, संत हिरदाराम नगर रात 21 बजे पहुंचकर अगले दिन बीना मध्यरात्रि 00.10 बजे, सागर 1.30 बजे, दमोह 3 बजे, कटनी 6 बजे, सतना 7.45 बजे पहुंचकर अन्य स्टेशनों से होते हुए बुधवार रात 19 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। 09408 दानापुर-अहमदाबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 7 मई से 18 जून तक प्रत्येक बुधवार को दानापुर स्टेशन से रात 22.30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना सुबह 8.50 बजे, कटनी मुड़वारा 10.35 बजे, दमोह 12.10 बजे, सागर 13.25 बजे, बीना 16.5 बजे, संत हिरदाराम नगर 19 बजे पहुंचकर, अन्य स्टेशनों से होते हुए शुक्रवार सुबह 7.15 बजे अहमदाबाद स्टेशन पहुंचेगी। यह ट्रेन नाडियाड, छायापुरी, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बसर और आरा में स्टापेज रहेगा।

# अवैध कॉलोनी निर्माण की शिकायतों को महापौर ने लिया संज्ञान





### अमीरगंज में निर्मित हो रही अवैध कॉलोनी की शिकायत को लेकर निगम के अधिकारियों के साथ किया मौका निरीक्षण

### अधिकारियों को दिए कार्यवाही के निर्देश

**कटनी।** नगर में निर्मित हो रहीं अवैध कालोनी निर्माण को लेकर महापौर प्रीति संजीव सूरी एक्शन मोड पर दिख रही है। नगर में किसी भी रूप से अवैध कालोनी का निर्माण न हो, इस हेतु निगम के अधिकारियों को वार्ड का निरीक्षण कर इस कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग करने तथा नियमों की अनदेखी कर अवैध कॉलोनी का निर्माण करने वाले के खिलाफ विधिसंगत कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दे रखे है।

सोमवार को रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड स्थित अमीरगंज में अवैद्य कालोनी निर्माण की प्राप्त शिकायत को संज्ञान में लेते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा निगम के अधिकारियों के दल के साथ रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थल पर अवैध निर्माण पाए जाने पर मेयर श्रीमती सूरी ने अधिकारियों को आरआई एवं पटवारी के माध्यम से स्थल के खसरे एवं नक्शे की जानकारी ली तथा आवश्यक कार्यवाही करनें के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती सूरी ने नगर में नियमानुसार व्यवस्थित तरीके से विकास कार्य कराने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई इस व्यवस्था में बाधक बनता है तो उन पर नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

महापौर ने कहा कि विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि नगर में किसी भी क्षेत्र में अवैध रूप से कॉलोनी अथवा अन्य निर्माण कार्य न होने दिया जाए। यदि नगर के किसी भी क्षेत्र में अवैध निर्माण की सूचना मिलती है तो तत्काल उक्त स्थल की जांच करते हुए विधिसंगत कार्यवाही की जाए। इतना ही नहीं लोगों को भी अवैध कॉलोनी के संबंध में विभाग द्वारा जागरूक किया जा रहा है कि किसी के बहकावे में आकर अवैध कालोनी में प्लॉट लेकर लोग अपनी मेहनत की कमाई को व्यर्थ न गवाएं।

इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री सुभाष शिब्बू साहू, डॉ रमेश सोनी, गोविंद चावला, वार्ड पार्षद विनोद लाला भुट्टू यादव, विजय डब्बू रजक सहित निगम के उपयंत्री जे.पी.बघेल एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित मीडिया की भी मौजूदगी रही।

# नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

### फुटबॉल,हैंडबॉल, ताइक्कांडो एवं टेबल टेनिस का 1 माह तक दिया जाएगा नियमित प्रशिक्षण




**पिपरिया।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग नर्मदापुरम द्वारा पिपरिया में 30 दिवसीय नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ दिनांक 5 मई 2025 को शासकीय सांदीपनि आर एन ए स्कूल खेल मैदान पर किया गया। शिविर में फुटबॉल खेल का प्रशिक्षण शासकीय सांदीपनि आर एन ए उत्कृष्ट उ मा विद्यालय पिपरिया। हैंडबॉल एवं ताइक्कांडो खेल का प्रशिक्षण शासकीय कन्या उ मा विद्यालय पिपरिया एवं टेबिल टेनिस खेल का प्रशिक्षण शासकीय कन्या उ मा विद्यालय पचमढ़ी में दिया जायेगा। प्रशिक्षण शिविर में 8 वर्ष से 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी बालक बालिका भाग ले रहे है। प्रशिक्षण शिविर का समय सुबह 7 बजे से 8.30 बजे एवं शाम 5 बजे से 7 बजे प्रशिक्षकों एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम में अतिथि राजेंद्र विश्वकर्मा, अरविंद रघुवंशी प्राचार्य शास कन्या शाला ,अरविंद शर्मा,खेल समन्वयक प्रीतम सिंह पुर्वीया,खेल शिक्षक सचिन पूर्वीया, रशीद शाह,नरेंद्र मालवी, गोविंद तिवारी,निशा ठाकुर,शशि उईके, राधामोहन पुरोहित, आशीष प्रजापति, आयुष भार्गव सहित खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# एमपी ओपन स्टेट ताइक्कांडो में इशिता ने गोल्ड तो रुद्र राय ने सिलवर मेडल जीता

**पिपरिया।** विदिशा में आयोजित एमपी ओपन स्टेट ताइक्कांडो गोल्ड कप 2025 प्रतियोगिता में नगर की इशिता साहू ने गोल्ड मेडल तो रूद्र राय ने सिलवर मेडल पर अपना कब्जा जमाया। यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश ताईक्कांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला ताईक्कांडो संघ द्वारा ओपन राज्यस्तरीय सब जूनियर,कैडेट और जूनियर ताईक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन जिला खेल परिसर स्टेडियम मल्टीपर्पज हॉल में किया गया था। जिसमें प्रदेश के 20 जिले की टीमो के दो सौ खिलाडियो ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में नगर की इशिता साहू व ग्राम हथवांस के रूद्र राय ने नरेन्द्र मालवीय की अगुवाई में भाग लिया था। जिसमें नगर के पूर्व जिला दिशा निगरानी समिति के सदस्य अरविंद राय के भतीजे विनीता राम जी राय के पुत्र रुद्र राय ने सिल्वर मेडल एवं इशिता साहू ने गोल्ड मेडल प्राप्त नगर का नाम रोशन किया। कोच नरेन्द्र मालवी ने बताया कि प्रतियोगिता में सात बच्चो ने भाग लिया था।



जिसमें याशिका व यंजल प्रताप सिंह,नमामि भटट और आर्दश सोनी ने कास्य पदक जीते वही रिद्धी ने प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता दर्ज की। प्रतियोगिता में जिला ताईक्कांडो सचिव गिरिराज भटट भी मौजूद रहे। सचिव अरविंद शर्मा,खेल समन्वयक प्रीतम सिंह पुर्वीया,खेल शिक्षक सचिन पूर्वीया ने बच्चो को बधाई दते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# 10 मई को निगम के पांच स्थलों में आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

### निगम के राजस्व अधिकारी ने बैठक आयोजित कर अमले को अधिक से अधिक राजस्व वसूली के दिए निर्देश

**कटनी।** नागरिकों के बकाया निगम करों को जमा करने हेतु शनिवार 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाए जाने तथा पक्षकारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर सोमवार को राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर पाठक द्वारा निगम के राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक में नेशनल लोक अदालत के दौरान नागरिकों को निगम करों को जमा करने की सुविधा हेतु विभिन्न पांच स्थलों नगर निगम कार्यालय, बस स्टेंड पुलिस चैकी के पास, दुर्गा चैक खिरहनी, माधवनगर उपकार्यालय एवं सुभाष चैक में बनाए जाने वाले काउंटर एवं उनमें कराई जानें वाली व्यवस्थाओं सहित लोक अदालत के दौरान प्रदान की जाने वाली छूट की जानकारी उपस्थित राजस्व अमले को दी गई। अधिक से अधिक नागरिक लोक अदालत का लाभ उठा सके इस हेतु वार्डवासियों को लोक अदालत के आयोजन की तिथि एवं स्थल की सूचना देकर बकाया शुल्क जमा करने हेतु आग्रह किए जाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में वसूलीकर्ताओं से जीआईएस सर्वे फार्म के वितरण की जानकारी ली जाकर सर्वे डाटा परीक्षण कर मई माह में शत - प्रतिशत वितरण करनें, वित्तीय वर्ष के बकायादारों से बकाया राशि की वसूली हेतु वारंट की आगामी कार्यवाही करनें के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कर निर्धारण एवं नामांतरण के प्रकरणों, बाजार शाखा की वसूली की समीक्षा की जाकर ऐसे दुकानदार जिनपर तालाबंदी की कार्यवाही किये जाने के उपरांत बकाया राशि जमा नहीं की गई है उन्हे पुन: नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

राजस्व अधिकारी ने निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य अनुरूप प्रतिदिन 2 रसीद काटनें एवं वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी श्री सागर नायक को 40 लाख रूपये, राजस्व उपनिरीक्षक मुकेश राजपूत को 25 लाख रूपये, प्रकाश पांडेय को 30 लाख रूपये, लवकुश तिवारी एवं राजकुमार प्यासी को 20 लाख रूपये की वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया जाकर लक्ष्य अनुरूप वसूली कार्य करनें के निर्देश दिए गए।

बैठक के अंत मे उपस्थित राजस्व अमले को वित्तीय वर्ष 2025-26 में वर्तमान में कर जमा करनें पर प्रदाय की जा रही छूट का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक सालहाल का कर जमा करानें तथा लोक अदालत का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों को प्रदान करनें के निर्देश दिए।

## ब्रीफ न्यूज

### अपना दल (एस) के मप्र प्रभारी बने आरबी सिंह पटेल

**भोपाल।** अपना दल (एस) ने मध्य प्रदेश में अपनी संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय महासचिव आर बी सिंह पटेल को प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के निर्देश पर यह नियुक्ति की गई है। पिछले दिनों अपना दल (एस) ने लखनऊ के गांधी भवन प्रेक्षागृह में अपनी जिला स्तरीय मासिक संगठन समीक्षा बैठक का आयोजन किया, जिसमें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष व यूपी कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने मध्य प्रदेश का प्रभार आर बी सिंह को सौंपे जाने की घोषणा की। इस नियुक्ति पर आरबी सिंह पटेल ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पूर्ण निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत करने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

गौरतलब है कि इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने केंद्र सरकार के जाति जनगणना कराने के ऐतिहासिक फैसले की जमकर सराहना की। उन्होंने इसे सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम बताया और कहा कि यह फैसला समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने में मददगार साबित होगा। मध्य प्रदेश में पार्टी की नई रणनीति के तहत संगठन को मजबूती मिलना तय है, वहीं प्रभारी की नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में भी उत्साह देखने को मिल रहा है।

### तबादलों के बाद राजनीतिक नियुक्तियों का खुलेगा पिटारा

#### जून के पहले सप्ताह में सूची आने की संभवाना

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लंबे समय से खाली पड़े निगम, मंडल, प्राधिकरणों में राजनीतिक नियुक्ति की उम्मीद लगाए लोगों के अच्छी खबर है। प्रदेश में तबादलों के बाद राजनीतिक नियुक्तियों का पिटारा खुलेगा। संभवत: अगले माह जून के पहले सप्ताह में नियुक्तियां हो सकती है। इसको लेकर चर्चा शुरू हो गई है। चर्चा है कि सरकार और संगठन के साथ संघ के विचार मंथन के बाद जून में नियुक्ति की तैयारी की जा रही है। नियुक्ति के इंतजार में बैठे लोगों को बहुत जल्द अच्छी खबर मिलेगी।

एक साल पहले डॉ. मोहन सरकार ने सभी निगम-मंडलों और आयोगों में नियुक्ति राजनीतिक नेताओं से इस्तीफे ले लिए थे। इसके बाद से सभी नई नियुक्तियों का इंतजार कर रहे हैं। पिछले तीन-चार महीनों से इन चर्चाओं ने जोर पकड़ा था कि भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिलने के बाद नियुक्तियां होंगी, लेकिन अब इस बात पर सहमति बन गई है कि नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति जब भी हो, लेकिन इसके लिए राजनीतिक नियुक्तियां न रोकी जाएं। बता दें कि एमपी में सरकारी विभागों में तबादलों के बाद अब राजनीतिक नियुक्तियों का पिटारा खुलेगा। इसी कड़ी में जून के पहले सप्ताह से नियुक्तियां होने के आसार है। प्रदेश के निगम-मंडल, प्राधिकरण और आयोग में नियुक्तियां होनी है। सहकारी संस्थाओं के साथ मंडी बोर्ड में भी राजनीतिक नियुक्तियां होना हैं। पिछले डेढ़ साल से नियुक्तियों का इंतजार हो रहा है। सूत्रों के अनुसार इस बार संघ की ओर से नियुक्तियों की पहल की गई है। जिससे नामों की घोषणा जल्द होने की संभावना है।

### लव जिहादियों के पास कहां से आते थे पैसे?

#### आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन शौक महंगे, फंडिंग करने वालों की जांच शुरू

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में सामने आए लव जिहाद को लेकर अब सिर्फ प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर में चर्चा है। इस मामले में हर दिन एक के बाद एक चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। लेकिन आरोपियों को लेकर कुछ सवाल भी खड़े हो रहे हैं जैसे उनके पास पैसे कहां से आते थे और महंगे शौक पूरे करने के लिए कौन मदद करता था। राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम इन सवालों के जवाब जुटाने में लग गई है।

दरअसल, राष्ट्रीय महिला आयोग का कहना है कि लव जिहाद मामले में गिरफ्तार आरोपियों की पृष्ठभूमि आर्थिक रूप से कमजोर है। जिस तरह की लग्जीरियस लाइफ वे जीते थे, ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं कि उन्हें फंडिंग कौन करता था। आरोपी थे तो गरीब घर से लेकिन उनके पास महंगाई बाइक और कार थी। साथ ही किराए से लिए कई कमरे हैं जिनका रेंट काफी ज्यादा है।

आरोपी लड़कियों को बहलाने-फुसलाने के लिए भी महंगे रेस्टॉरेंट, पब और बार में ले जाते थे। जहां से उन्हें अपना शिकार बनाने का खेल शुरू होता था और इसके बाद उनके साथ अश्लीलता की हदें पार कर वीडियो बनाकर वायरल करने की प्लानिंग की जाती थी। पुलिस ने शुरू की जांच जांच के लिए भोपाल पहुंची राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम ने वित्तीय सहायता पहुंचाने वालों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद पुलिस ने इस दिशा में जांच शुरू कर दी और लव जिहाद की फंडिंग करने वालों की तलाश में जुट गई है।

# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मप्र राज्य सहकारी दुग्ध संघ के बीच बॉन्ड के बाद की गई कार्यवाही की समीक्षा की, कहा

## निजी डेयरी संचालकों को मिले परामर्श सुविधा

### दूध उत्पाटन का वैल्यू एडिशन के बाद ही डेयरी प्रोडक्ट राज्य से बाहर भेजें

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में जितना भी दूध उत्पादित किया जा रहा है, उसका वैल्यू एडिशन कराए जाने के बाद ही डेयरी उत्पाद प्रदेश से बाहर भेजे जाएं। उन्होंने कहा कि सहकारी संघों के साथ-साथ निजी डेयरी संचालकों को भी आवश्यक परामर्श (कंसल्टेंसी) उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, अन्य राज्यों में अच्छी नस्ल की गायों और भैंसों से होने वाले दूध उत्पादन का अध्ययन कर, उन नस्लों को प्रदेश के किसानों को उपलब्ध कराने पर भी काम किया जाए।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मध्यप्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध संघ के बीच बॉन्ड के बाद की गई कार्यवाही की समत्व भवन में समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र में एनडीडीबी के विशेषज्ञता का लाभ पूरे प्रदेश को समान रूप से मिलना चाहिए।

### प्रदेश में बड़ी गोशालाएं विकसित की जा रही

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए अन्य राज्यों की बेहतर नस्ल की गायों और भैंसों को प्रदेश में लाने व उन्हें किसानों को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाना आवश्यक है। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश में उत्पादित दूध का पहले वैल्यू एडिशन हो और उसके बाद ही डेयरी उत्पादों को प्रदेश से बाहर भेजा जाए। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि प्रदेश में बड़ी गोशालाएं विकसित की जा रही हैं। इनके विकास और बेहतर प्रबंधन से भी दूध उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि निजी विश्वविद्यालय भी डेयरी टेक्नोलॉजी और एनिमल हसबेंडरी संबंधी कोर्स संचालित करें।

### दुग्ध संघ ने दूध के फैट की कीमत बढ़ाने की मांग की

**समीक्षा बैठक से पहले ही एनडीडीबी के अधीन आए दुग्ध संघ ने किसानों से लिए जाने वाले दूध के फैट की कीमतों में 1 मई से वृद्धि लागू कर दी है, ताकि किसानों को सीधा लाभ मिल सके। गौरतलब है कि गत 11 अप्रैल को केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में एनडीडीबी और राज्य सहकारी दुग्ध संघ के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए थे। इसमें आने वाले समय में दूध उत्पादन बढ़ाने पर विशेष फोकस कर, इस दिशा में ठोस कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया है।**

# भोपाल में 8 हजार पेड़ बचाने के लिए आंदोलन



### 18 मई को अयोध्या बायपास पर जुटेंगे लोग

**भोपाल।** भोपाल के आसाराम तिराहे से रत्नागिरि तिराहा तक अयोध्या बायपास के चौड़ीकरण में 8000 पेड़ों को काटा जाएगा। इस प्रोजेक्ट को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) कर रही है। उन्होंने पेड़ काटने की अनुमति के लिए नगर निगम में आवेदन भी किया है। इसी बीच विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। 18 मई को इसे लेकर बड़ा आंदोलन करने की भी तैयारी है।

प्रदर्शन को लेकर रणनीति भी बनाई जा रही है। बैठकों का दौर भी चल रहा है। पर्यावरणविद् उमाशंकर तिवारी ने बताया कि पिछले दिनों शिवाजी नगर में बैठक हुई थी। इसमें निर्णय लिया गया कि 18 मई की शाम को अयोध्या बायपास पर आंदोलन किया जाएगा, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल होंगे। विकास जरूरी है, पर हरियाली के नाम पर ऐसा नहीं होने देंगे। एनएचएआई को प्रोजेक्ट में बदलाव करना चाहिए। ताकि, प्रोजेक्ट भी पूरा हो और पेड़ भी न काटे जा सके।

### इसलिए 10 लेन बनाया जा रहा अयोध्या बायपास

बता दें कि इस रोड पर 3 ब्लैक स्पॉट हैं, जहां साल भर में 30-35 लोगों की मौत हो जाती है। इसलिए सड़क को सर्विस लेन मिलाकर 10 लेन किया जा रहा है। विरोध की आशंका को देखते हुए एनएचएआई ने हाईकोर्ट और एनजीटी में कैविएट दायर की है। ताकि न्यायालय कोई भी स्टे देने से पहले एनएचएआई का पक्ष सुना जाए। अफसरों का कहना है कि अयोध्या बायपास के आसपास सिटी फॉरेस्ट डेवलप करने के लिए तैयार हैं।

### पेड़ों को बांध चुके रक्षासूत्र

इससे पहले रविवार की शाम को भी लोगों ने प्रदर्शन किया था। बड़ी संख्या में लोगों रत्नागिरी तिराहे पर पहुंचकर पेड़ों को रक्षासूत्र बांधे थे। साथ ही उन्हें बचाने का संकल्प लिया था। आयोजन की अगुआई श्रमिक नेता दीपक गुप्ता ने की। उन्होंने कहा- यह सिर्फ पेड़ों की लड़ाई नहीं है, बल्कि हमारे अस्तित्व की लड़ाई है। हम इन पेड़ों को कटने नहीं देंगे। गुप्ता ने खुद पेड़ों को रक्षासूत्र बांधते हुए आंदोलन की शुरुआत की।

# मुख्य सचिव की फटकार के बाद तीसरी मर्तबा ताबड़तोड़ जारी करना पड़े टेंडर, 7 कम्पनियों ने की हिस्सेदारी, मेला सेल का भी होगा गठन

### उज्जैन में 563 करोड़ में बनेंगे 29 किलोमीटर लम्बे घाट

**भोपाल।** पिछले दिनों मुख्य सचिव अनुराग जैन ने उज्जैन का दौरा किया और सिंहस्थ से जुड़े प्रोजेक्टों की समीक्षा में कई लापरवाहियां लामने आईं, जिसके चलते उन्होंने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और कई प्रोजेक्टों के टेंडर जारी ना होने पर भी आश्चर्य जताया, क्योंकि तीन साल का समय भी अब सिंहस्थ में नहीं बचा है। जबकि कई निर्माण कार्य ऐसे हैं जिनको पूरा करने की समय सीमा ही 3 से 4 साल की सीमा टेंडर शर्तों में ही लिखी है। इन्हीं में से एक 29 किलोमीटर लम्बे घाट का निर्माण भी करना शामिल है। दो बार इसके टेंडर बुलाए गए, मगर किसी ने हिस्सा नहीं लिया। अब तीसरी बार बुलाए टेंडर में 7 कम्पनियों ने हिस्सेदारी की है और इंदौर की कम्पनी को 563 करोड़ रुपए में ठेका दिया गया है। दूसरी तरफ सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह का कहना है कि मेला सेल भी गठित किया जा रहा है।

उज्जैन विकास प्राधिकरण ने सिंहस्थ मेला क्षेत्र के लिए 5 हजार एकड़ से अधिक जमीनें चिन्हित की हैं और किसानों को 60 फीसदी जमीन वापस सौंपी जाएगी। इस संबंध में इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह, जिन्हें शासन ने उज्जैन सिंहस्थ का मेला अधिकारी बनाया है, उन्होंने पिछले दिनों किसानों द्वारा किए जा रहे विरोध के मद्देनजर उज्जैन में बैठकें लीं और काफी हद तक भूमि अधिग्रहण का विरोध कर रहे किसानों को समझाने में सफल भी रहे। श्री सिंह के मुताबिक अभी शुरुआत में उन प्रोजेक्टों पर तेजी से अमल कराया जा रहा है जो तीन सालसे पहले पूरे हो सकते हैं, जिनमें सड़कों, फ्लायओवर, पार्किंग क्षेत्र विकसित करने के साथ-साथ कान्ह क्लोज डक्ट प्रोजेक्ट भी शामिल है, जिसे जून-2027 तक पूरा कर लिया जाएगा। अभी कान्ह नदी का गंदा पानी क्षिप्रा में मिलता है, उसे रोकने के लिए अब जमीन के भीतर टनल बनाकर कान्ह नदी के पानी को बायपास करते हुए क्षिप्रा की बजाय सीधे गंभीर डेम में छोड़ा जाएगा। इसके साथ ही सिंहस्थ से जुड़ी तमाम व्यवस्थाओं के लिए मेला सेल का भी गठन होगा, जिसके चलते सम्पूर्ण मेला क्षेत्र की प्लानिंग की जाएगी। सेक्टरवार अधिकारियों को जिम्मेदारी मिलेगी, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों-विभागों से जुड़े काम शामिल रहेंगे। सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह ने उज्जैन निगम के अधिकारियों से सड़क चौड़ीकरण से लेकर सीवरेज प्रोजेक्ट, जल वितरण लाइन बिछाने सहित अन्य कार्यों की जानकारी भी ली। दूसरी तरफ भोपाल से आला अफसर भी लगातार उज्जैन के दौरे कर रहे हैं।

# सीएम ने जिस घाट को पर्यटन केंद्र बताया, घड़ियाल छोड़े, वहां अब रेत माफिया का कब्जा

### चंबल नदी का सीना चीरकर धड़ल्ले से हो रहा है अवैध उत्खनन

**भोपाल।** चंबल में रेत माफिया बेलगाम और बेखौफ हैं। रेत माफिया वन विभाग की टीमों पर आए दिन हमला कर रहे हैं। अब चौंकाने वाला नजारा चंबल के राजघाट से सामने आ रहा है। इस स्थान पर वन विभाग ने पर्यटन केंद्र बनाया हुआ है। ढाई महीने पहले मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने इस स्थान को खूब सराहा। इसी राजघाट पर रेत माफिया का कब्जा हो गया है। सैलानी जाने से डरते हैं, क्योंकि रेत माफिया और उनके लोग यहां लोगों को फोटो-सेल्फी तक नहीं लेने देते। वन विभाग के आला अफसर खुलकर कह रहे हैं, कि राजनीतिक संरक्षण में धड़ल्ले से रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है, जिसे रोकना असंभव होता जा रहा है।

मप्र के मुरैना और राजस्थान के धौलपुर के बीच चंबल नदी का जो हिस्सा है, वही राजघाट के नाम से जाना जाता है। यहां वन विभाग पर्यटन केंद्र चलाता है, जिसमें मोटरवोटों से सैलानियों को चंबल में जलविहार करवाया जाता है। राजघाट पर 17 फरवरी को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना, वन राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने जलविहार किया। चंबल घड़ियाल सेंचुरी का भ्रमण करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा था, कि चंबल के इस घाट पर वन विभाग ने शानदार पर्यटन केंद्र बनाया है, जहां दूर-दूर के पर्यटक आते हैं।

### मशीनों से हो रहा है अवैध उत्खनन

अब इसी राजघाट पर रेत माफिया द्वारा बेखौफ लोडर मशीन (जेसीबी) से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। पूरा घाट छोटी-छोटी खाईयों में बदल गया है। दिन की तुलना में रात के समय यहां जमकर अवैध उत्खनन होता है और हर रोज एक हजार ट्राली से ज्यादा रेत निकाला जा रहा है। यह तब हो रहा है, जब राजघाट पर वन विभाग का भरा-पूरा अमला और एसएएफ के एक दर्जन से ज्यादा जवान सुरक्षा के लिए तैनात किए गए हैं।

### अवैध उत्खनन को रोकने के हो रहे प्रयास

एसडीओ वन विभाग श्याम सिंह चौहान ने कहा कि राजघाट पर रेत उत्खनन के रोकथाम के लिए विभाग द्वारा लगातार गश्ती की जा रही है। संगठित तरीके से खनन के कारण, माफियाओं को रोक पाना थोड़ा असंभव सा हो रहा है। लेकिन पुलिस विभाग और अन्य विभाग से चर्चा करके एक बार फिर से रोकथाम करने के प्रयास किए जाएंगे। स्छह्व ने कहा कि पूरा प्रयास किया जाएगा कि यहां से अवैध रेत का खनन न हो। क्योंकि पर्यटन की दृष्टि से भी यह जगह काफी महत्वपूर्ण है।

# यूनाइटेड फोरम के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण

### मांगे पूरी करने के लिए एकजुटता और दबाव जरूरी

**भोपाल।** यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्प्लॉयीज एंड इंजीनियर्स, मध्य क्षेत्र के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर वीकेएस परिहार ने किया। कार्यक्रम में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों, कर्मचारियों व यूनाइटेड फोरम से जुड़े विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों शामिल हुए।



इस दौरान प्रदेश संरक्षक इंजीनियर वीकेएस परिहार ने कहा कि यूनाइटेड फोरम की स्थापना संघर्षों की नींव पर हुई है। फोरम द्वारा सातवें वेतनमान, संविदा नीति 2016, संविदा नीति 2018, महंगाई भत्ता, पेंशन बहाली, सरनी पावर प्लांट का निजीकरण रोकना जैसी महत्वपूर्ण मांगों को सशक्त आंदोलन के माध्यम से पूरा कराया गया है।

### मांगे पूरी करने के लिए एकजुटता और दबाव जरूरी

प्रदेश संरक्षक इंजीनियर वीकेएस परिहार ने कहा कि शाल और श्रीफल जैसी चीजों से सिर्फ प्रचार होता है। लेकिन इससे मांगे पूरी नहीं होती। अपनी मांगों को पूरा करने के लिए एकजुटता और दबाव जरूरी होता है। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि एकता से ही असफलता को भी सफलता में बदला जा सकता है।

### बिजली कर्मचारी विपरीत परिस्थितियों में भी कार्यरत

वहीं प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि बिजली विभाग अन्य विभागों से अलग होता है। यहां के कर्मचारी को विपरीत परिस्थितियों में भी काम करना पड़ता है। इसलिए उनके हितों के लिए की जाने वाली मांगें पूरी तरह से जायज हैं। वहीं, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आर. एस. कुशवाह ने सभी पदाधिकारियों को ईमानदारी, निष्ठा और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ संगठन को सशक्त बनाने की शपथ दिलाई।

# फैकल्टी के अभाव में बीयू में नहीं शुरू हो पा रहा बी-एड

### एनसीटीई ने पिछले 3 सत्रों से लगा रखा है प्रतिबंध, 4 साल में भी नहीं हो सकी शिक्षकों की भर्ती

**भोपाल।** राजधानी भोपाल स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में फैकल्टी के अभाव में कई कोर्स सुचारू रूप से नहीं चल पा रहे हैं। इस समय सबसे ज्यादा चलने वाला कोर्स बीएड पिछले चार वर्षो से बंद पड़ा है। दरअसल राष्ट्रीय शिक्षक परिषद (एनसीटीई) ने पिछले तीन सत्रों से बी-एड कोर्स के प्रवेश में प्रतिबंध लगा दिया। इसका मुख्य कारण विश्वविद्यालय मैं के इस विभाग में फैकल्टी नहीं होना माना जा रहा है। विश्वविद्यालय में शैक्षणिक ढांचे को अब तक पूरा नहीं कर सका है।

बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय में पिछले 4 साल से शिक्षकों की भर्ती नहीं कर सका है। जानकारी के लिए बतादें कि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के बीएड कोर्स की हर साल 100 सीटें भर जाती थीं, लेकिन चार सत्रों से एनसीटीई ने इस पर रोक लगा रखी है। एनसीटीई ने विश्वविद्यालय को समय दिया था ताकि वह अपने संसाधनों को दुरुस्त कर सके, लेकिन बीयू इस दौरान एक भी फैकल्टी मेंबर की नियुक्ति नहीं कर सका। विश्वविद्यालय ने हर साल आश्वासन पत्र भेजे और शपथ पत्र पर प्रवेश की अनुमति मांगी, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं हुआ। वर्तमान में बीएड डिपार्टमेंट में एक भी स्थाई शिक्षक मौजूद नहीं है, जिससे एनसीटीई की नाराजगी और बढ़ गई है।

### कोर्स शुरू करने की तैयारी

जानकारी के अनुसार अब बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय बीए बीएड और बीएससी बीएड कोर्स शुरू करने की तैयारी शुरू की है, जिसके लिए अनुमति के लिए एनसीटीई को पत्र भेजा गया है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि जब बीएड के लिए ही फैकल्टी नहीं है, तो इन नए कोर्सों को अनुमति मिलना भी कठिन होगा। इधर बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के छात्रों को प्रवेश देने की तैयारी शुरू कर दी है।

### 70 से अधिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने की तैयारी शुरू

**इधर बीयू ने सत्र 2025-26 में यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स (यूटीडी) में संचालित 70 से अधिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने की तैयारी शुरू कर दी है। इस बार बीयू से बीएएलएलबी और बीएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम के लिए सीयूईटी (कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) देना अनिवार्य होगा। वहीं यूटीडी में संचालित अधिकतर पाठ्यक्रमों में सीयूईटी और नॉन सीयूईटी (ऐसे छात्र जो सीयूईटी-यूजी व पीजी में शामिल नहीं होंगे) दोनों तरह के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। इस बार 75 फीसदी सीट पर नान सीयूईटी और 25 फीसदी सीयूईटी के लिए आरक्षित होंगी।**

स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए-2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित।
***स्थानीय संपादक: बालेन्द्र गुप्ता।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), **आर.एन.आई.नं. 58842/94**